तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 26.2 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 24 जून 2025

13 कलेक्टोरेट में बगैर हेलमेट एंट्री पर प्रतिबंध...


14 सर्व यादव समाज 10 जुलाई को करेगा मुख्यमंत्री निवास का घेराव


# बाढ़ से निपटने ब्रिटिश कंपनी के मोटर पंप 25-25 लाख में खरीदे, 7 साल से इस्तेमाल नहीं, अब बनाने में लाखों खर्च

**हरिभूमि न्यूज/ रायपुर।** राजधानी रायपुर में भीषण आगजनी तथा बारिश के दिनों में बाढ़ एवं जलभराव जैसी गंभीर स्थिति से निपटने के लिए नगर निगम प्रशासन ने सात साल पहले ब्रिटिश गोडिया कंपनी के दो हाईपॉवर मोटर पंपों को क्रय किया था। ये दोनों पंप को 25-25 लाख कुल 50 लाख रुपए में क्रय किया था। इन पंपों को क्रय किए जाने के बाद इसका इस्तेमाल मात्र एक बार ट्रायल के रूप में किया गया था। इसके बाद से दोनों मोटर पंप दमकल विभाग के कार्यालय में बिना उपयोग के डंप पड़े हुए हैं, जिसके कारण इन दोनों पंप में तकनीकी खराबी आ गई है, जिसके कारण अब संकट की स्थिति में इसका उपयोग भी नहीं किया जा सकेगा, क्योंकि इन मोटर पंपों को ठीक कराने में ही लाखों रुपए खर्च होंगे। इसे देखते हुए विभाग की ओर से भी इसे सुधारने के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है।

### गंभीर स्थिति बनी तो निपटना आसान नहीं होगा

बारिश के दिनों में अगर जिले में शहरी या ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं बाढ़ की स्थिति बनती है तो इससे निपटना आसान नहीं होगा। ब्रिटिश कंपनी के दोनों मोटर पंप खराब पड़े हुए हैं। बताया गया कि पंप की एक मिनट में 1700 लीटर पानी निकालने की क्षमता है, जिससे जलभराव या बाढ़ का पानी बहुत तेजी से कम समय में निकाला जा सकता है।



**उठाने में दिक्कत, इसलिए इसे ठीक कराने में अधिकारी-कर्मचारियों की भी रुचि नहीं**

गोडिवा कंपनी के मोटर पंप काफी वजनदार हैं, जिसके कारण इसे उठाना आसान नहीं है। इस पंप का वजन 128 किलोग्राम है, जिसके कारण चार लोग मिलकर इसे उठा पाते हैं। पंप के वजन के कारण विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी इस पंप को बनाने में रुचि नहीं ले रहे हैं, हालांकि इसे सुधारने में लगभग 5 लाख रुपए खर्च आना है। इस कारण से भी पंप को सुधारने के लिए प्रस्ताव नहीं भेजा जा रहा है।

### 2017 में खरीदी हुई थी तब से उपयोग नहीं

ब्रिटिश कंपनी के दोनों मोटर पंप को नगर निगम प्रशासन ने वर्ष 2017 में क्रय किया था। इसके बाद से दोनों पंप विभाग में बगैर इस्तेमाल के रखे हुए हैं। उपयोग नहीं होने के कारण पंप खराब हो चुके हैं, जिसे सुधारने में लाखों रुपए लग जाएंगे, इसलिए शायद पूर्व में भेजे गए प्रस्ताव स्वीकृत नहीं हो पाया था।

\- जीतेंद्र यादव
मोटर वर्कशॉप प्रभारी, टिकरापारा

### बारिश में शहर से लगे ग्रामों में बन चुकी है बाढ़ की स्थिति

जून का महीना खत्म होने जा रहा है। सप्ताहभर में जुलाई शुरू हो जाएगा। इस सप्ताहभर में मौसम वैज्ञानिकों ने मानसून के आगमन की संभावना भी जताई। ऐसे में भारी बारिश होने से शहर के अलावा कई ग्रामीण क्षेत्रों में भी जलभराव के साथ कहीं-कहीं बाढ़ जैसे हालात भी बनते हैं। पिछले वर्ष शहर से 15 किलोमीटर दूर सेजबहार गांव में बाढ़ की स्थिति बनी थी, जिसके कारण बारिश का पानी घरों के अंदर तक भर गया था। इस दौरान कई परिवार बाढ़ के पानी में घर में फंस गए थे, जिन्हें निकालने के लिए एसडीआरएफ को यहां रेस्क्यू अभियान चलाना पड़ा था। यहां तक बाढ़ का पानी कम होने तक प्रभावित परिवारों को दो दिन शेष पेज 13 पर

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25

# लाश रखने पेटी लाइन से खरीदा ट्रंक, संदेही जोड़े ने कोरबा से ट्रांसफर होकर शहर आने का दिया हवाला



**सेक्टर-2 में कुछ संदिग्ध देखे गए** प्रारंभिक पड़ताल में इंद्रप्रस्थ कॉलोनी के सेक्टर-2 में लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की तो पुलिस को एक वाहन में कुछ संदिग्ध दिखे हैं। पुलिस वाहन नंबर के आधार पर उन संदिग्धों के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश में लगी हुई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

डीडीनगर थाना क्षेत्र स्थित इंद्रप्रस्थ कॉलोनी के आउटर में ट्रॉली बैग तथा ट्रंक में मिली लाश को लेकर महिला, पुरुष का एंगल निकलकर सामने आया है। हत्यारों ने जहां से बड़ी पेटी खरीदी थी, हरिभूमि की टीम ने वहां पहुंचकर दुकानदार से संपर्क किया, तो उसने बताया कि रविवार सुबह 11 बजे के करीब एक महिला और पुरुष उनकी दुकान पर बड़ा-सा ट्रंक खरीदने के लिए आए थे। बड़ा ट्रंक खरीदने की वजह पूछने पर उस जोड़े ने कोरबा से ट्रांसफर होकर रायपुर आने और उसमें घरेलू सामान रखने की बात कही। पेटी लाइन में ट्रंक विक्रेता दुकानदार से पूछताछ करने क्राइम शेष पेज 13 पर

- पेटी पर लिखा है हब्बू भाई की दुकान पर शब्बीर भाई के नाम से गोलबाजार में संचालित हो रही दुकान

**दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस :** जोड़े ने जिस दुकान से ट्रंक खरीदा था, उस दुकान में सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा है। इसलिए पुलिस पेटी लाइन के अंदर जाने वाले मार्ग पर जहां-जहां सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, वहां के सीसीटीवी कैमरों शेष पेज 13 पर

**दुकानदार ने जोड़े को दुकान में चाय पिलाई :** ट्रंक में जिस हब्बू भाई का नाम लिखा है, वास्तव में वह दुकान शब्बीर भाई के नाम से पेटी लाइन गोलबाजार में है। दुकान संचालक के अनुसार, सुबह दुकान खोलने के बाद पहला ग्राहक वही संदिग्ध जोड़ा है, जिसे उसने शेष पेज 13 पर

- पेटी बेचने वाले दुकानदार से संदेहियों का हुलिया खंगाल रही क्राइम ब्रांच, बड़े सुराग की उम्मीद




### प्रेम प्रसंग, अवैध संबंध होने की आशंका

घटना की प्रवृत्ति को देखते हुए पुलिस को हत्या के पीछे प्रेम प्रसंग या अवैध संबंध होने की आशंका है। आरोपियों के पकड़े जाने पर इस बात का खुलासा हो सकता है। एक मार्निंग वॉकर के अनुसार रायपुरा क्षेत्र में रहने वाला एक व्यक्ति अपने घर से पिछले चार-पांच दिनों से गायब है, उनकी भी उम्र भी करीब 35-40 साल है। मार्निंग वॉकर ने जिस व्यक्ति के गुमशुदगी की जानकारी दी है, उनके परिजनों ने थाने में गुशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है या नहीं, इस संबंध में उसने किसी तरह से जानकारी नहीं होने की बात कही।

## खबर संक्षेप

### पंजाब की जेल में बंद स्थायी वारंटी लाया गया

**रायपुर।** आमानाका पुलिस ने पंजाब की जेल में बंद एक स्थायी वारंटी को प्रोटेक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर रायपुर लाया है। पुलिस ने हीरापुर निवासी गुरुदेव सिंग को गिरफ्तार किया है। गुरुदेव के खिलाफ आमानाका, सरस्वती नगर, कबीर नगर तथा सिविल लाइंस थाने में मारपीट, लूट, चोरी तथा एनडीपीएस के 9 मामले दर्ज हैं। गुरुदेव पंजाब की जेल में वर्ष 2025 से एनडीपीएस एक्ट के मामले में बंद था।

### शराब पीने पैसे नहीं दिए तो युवक का सिर फोड़ा

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने में एक युवक ने तीन लड़कों के खिलाफ शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चूना भट्ठी निवासी श्रवण कुमार जोगी ने शिवा पासवान, दीपक बघेल तथा एक अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। श्रवण ने पुलिस को बताया कि तीनों लड़के उसका रास्ता रोककर शराब पीने के लिए पैसे मांग रहे थे। इंकार करने पर बदमाशों ने श्रवण के साथ मारपीट कर ईंट से सिर फोड़ दिया।

### जन्मदिन में बुलाने पर नहीं आया तो की मारपीट

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने में एक युवक ने दूसरे युवक के खिलाफ जन्मदिन में बुलाने पर नहीं आने की बात को लेकर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सूरज निर्मलकर ने चिंटू सेन के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सूरज ने पुलिस को बताया कि चिंटू ने उसे अपने जन्मदिन पर बुलाया था। जन्मदिन में सूरज के नहीं पहुंचने की बात को लेकर चिंटू ने उसके साथ विवाद कर मारपीट की।

# बिरगांव स्वास्थ्य केंद्र में प्रसूता की मौत, स्त्री रोग विशेषज्ञ निलंबित

## मेल नर्स पर लटकी कार्रवाई की तलवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

बिरगांव शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लापरवाही से प्रसूता साक्षी निषाद की मौत के मामले में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अंजना लाल को निलंबित कर दिया गया है। ड्यूटी डाक्टर के नहीं होने और साक्षी की हालत बिगड़ने की जानकारी होने के बाद भी उस पर अस्पताल नहीं आने की लापरवाही साबित हुई है। मामले में लापरवाही के लिए मेल नर्स पर भी कार्रवाई की तलवार लटकी हुई है।

मामले में सीएमएचओ द्वारा बनाई गई कमेटी ने अपनी रिपोर्ट बनाकर शासन को भेजी थी, जिस आधार पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा बिरगांव यूपीएचसी की प्रभारी एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अंजना कुमार लाल पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। आरोप है कि साक्षी की तबीयत खराब होने की जानकारी परिजनों द्वारा अस्पताल शेष पेज 13 पर

- 13 दिन पहले साक्षी निषाद की हुई थी चिकित्सकीय स्टाफ की लापरवाही से मौत
- ड्यूटी डाक्टर के नहीं होने की जानकारी के बाद भी नहीं पहुंची महिला चिकित्सक


प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला को हेल्थ सेंटर में मिली झिड़की, लापरवाही ऐसी कि जान चली गई

### परिजनों ने किया था हंगामा

काफी हालत बिगड़ने के बाद परिजन दबाव पूर्वक साक्षी को बिरगांव स्वास्थ्य केंद्र से आंबेडकर अस्पताल ले गए थे, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया था। शव को लेकर घर आने के बाद नाराज परिजनों ने पहले स्वास्थ्य केंद्र फिर खमतराई थाने में हंगामा कर दिया था। काफी समझाइश और जांच टीम गठित करने की जानकारी के बाद वे माने और साक्षी के पोस्टमार्टम के लिए तैयार हुए थे।

### कांग्रेस जांच कमेटी ने भी की थी सिफारिश

इस मामले में कांग्रेस द्वारा जांच कमेटी बनाई गई थी। चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता के नेतृत्व में कमेटी ने बिरगांव स्वास्थ्य केंद्र में जाकर व्यवस्था का मुआयना किया था और परिजनों से जानकारी लेकर रिपोर्ट पर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से मुलाकात कर दोषी चिकित्सकीय स्टाफ पर कार्रवाई की मांग की थी।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह जुलाई 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 जुलाई से 31 जुलाई तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 27 जून 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर


कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ______ मो.नं. ______
पिता का नाम ______ जन्मतिथि ______
स्थान ______ जिला ______
एजेंसी का नाम ______
एजेंसी का पता ______ मो.नं. ______

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

हरिभूमि ग्राहक प्रति जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ______ मो.नं. ______
पिता का नाम ______ जन्मतिथि ______
स्थान ______ जिला ______
एजेंसी का नाम ______
एजेंसी का पता ______ मो.नं. ______

## पानी की बर्बादी रोकने रेलवे ने बदला था नियम

# वंदेभारत में आधे का फंडा, बच रहा 50 लीटर पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वंदे भारत एक्सप्रेस में सफर करने वाले यात्रियों को ट्रेन में एक लीटर की बोतल की जगह अब आधा लीटर पानी दिया जा रहा है। रेलवे बोर्ड ने आईआरसीटीसी को पानी की बचत का हवाला देकर यात्रियों को 500 मिलीलीटर की रेल नीर बोतल उपलब्ध कराने को कहा था। बिलासपुर से नागपुर और दुर्ग से विशाखापट्टनम के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रियों को आधा लीटर पानी मिल रहा है। रेलवे बोर्ड के अनुसार ट्रेन में 70 फीसदी यात्री एक लीटर बोतल का पूरा पानी शेष पेज 13 पर

## एक लीटर की जगह यात्रियों को दी जा रही 500 मिली लीटर की रेल नीर बोतल

### 20 लीटर से अधिक पानी की हो रही बचत

दूसरे जोन के वंदे भारत एक्सप्रेस की तरह बिलासपुर से नागपुर के बीच संचालित वंदे भारत में सबसे ज्यादा पानी की बर्बादी बिलासपुर से रायपुर के बीच देखने को मिली थी। वंदे भारत में बिलासपुर से रायपुर का सफर यात्री 1 घंटे 10 मिनट में तय कर लेते हैं और इस बीच पानी पूरा नहीं पी पाते हैं। ज्यादातर यात्री आधा पीकर ही छोड़ देते थे। आधा लीटर दिए जाने के बाद रोजाना 20 लीटर से अधिक पानी की



बचत प्रतिदिन हो रही है। ट्रेन अटेंडर के मुताबिक 10 प्रतिशत लोग ही दोबारा पानी की मांग कर रहे हैं। देशभर में इस नियम से इस तरह रोजाना हजारों लीटर पानी बर्बाद होना रुक गया है।

### लक्जरी ट्रेनों में निःशुल्क पानी में कटौती

रेलवे बोर्ड ने पानी की बर्बादी को रोकने और बोतलों से होने वाले प्लास्टिक के कचरे को कम करने का हवाला देते हुए लग्जरी ट्रेनों में दिए जाने वाले निःशुल्क पानी में कटौती की है। अब यह नियम सिर्फ वंदे भारत एक्सप्रेस में ही लागू है। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के मुताबिक वंदे भारत एक्सप्रेस हाई लक्जरी ट्रेन होने के कारण सिर्फ उसी ट्रेन के यात्रियों के लिए यह प्रावधान किया गया है। अन्य लक्जरी ट्रेन राजधानी, शताब्दी ट्रेनों में दूसरी बार पानी की बोतल के लिए पैसा चुकाना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप



### मछुआ संघ ने किया मेधावी छात्रों का सम्मान

**आरंग।** छत्तीसगढ़ मछुआ संघ ने मेधावी छात्रों, समाज सेवियों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मान किय। इस मौके पर छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू राम निषाद, छत्तीसगढ़ मछुवा कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत लाल मटियारा, उपाध्यक्ष लखन लाल धीवर, एमआर निषाद, गायत्री गायकवाल, मोतीलाल हिरवानी, पुरुषोत्तम धीवर प्रदेश अध्यक्ष धीवर समाज युवा प्रकोष्ठ झूमक निषाद, बसंत निषाद, गायत्री केवर्त्य, शिव भोई, भीमसेन तारक, मुकेश कुमार, पुनारद निषाद, रामलाल पंडरिया, विजय लांजे, मुकेश निषाद, तारामति ओझा, छत्रपाल धीवर, रेखा जलछत्री, शरद पारकर, राजेश धीवर, जितेंद्र फेकर, दिनेश धीवर एवं मछुआ समाज के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित थे।

### नारा में योग शिविर का समापन पर औषधि पौधों का रोपण व वितरण




**आरंग।** नारा ग्राम स्थित आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में बीते पाँच दिनों से चल रहे योग एवं आरोग्य शिविर का समापन रविवार को हुआ। शिविर में सरपंच मीणा जांगड़े सहित बड़ी संख्याउपस्थित ग्रामीणों को योग प्रशिक्षक बुधेश्वर वर्मा द्वारा विभिन्न आसनों का योग कराया।समापन अवसर पर डॉ. संगीत धिरहे (आयुष चिकित्साधिकारी, आयुष्मान आरोग्य मन्दिर नारा) की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग और आयुर्वेद न केवल बीमारियों का इलाज हैं, बल्कि यह जीवन जीने की एक वैज्ञानिक और संतुलित पद्धति है। हम चाहते हैं कि हर ग्रामीण प्राकृतिक स्वास्थ्य पद्धति को अपनाकर निरोगी जीवन की ओर बढ़े। शिविर के पश्चात पूर्व माध्यमिक शाला परिसर एवं अमृत सरोवर तालाब के चारों ओर सामूहिक रूप से औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इसके अलावा, ग्रामीणों को निःशुल्क औषधीय पौधों का वितरण भी किया गया।

### ऋषि वर्मा बने मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के विशेष आमंत्रित सदस्य

**धरसींवा।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के शीर्ष नेतृत्व ने



एक महत्त्वपूर्ण निर्णय लेते हुए ऋषि कुमार वर्मा को केंद्रीय कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य के तौर पर मनोनीत किया है। यह मनोनयन न सिर्फ ऋषि वर्मा के प्रति समाज के विश्वास को दर्शाता है, बल्कि समाज के भीतर एक अनुभवी और दूरदर्शी व्यक्तित्व को मिली नई जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। इस घोषणा के बाद से ही समाज के विभिन्न वर्गों में हर्ष और उत्साह का माहौल है।

### टेकारी आईटीआई में कोपा के लिए आवेदन 25 तक

**आरंग।** शासकीय आईटीआई टेकारी (कुंडा) में शैक्षणिक सत्र के लिए संचालित एक वर्षीय कोपा (कम्प्यूटर आपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट) व्यवसाय में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। इच्छुक अभ्यर्थी 25 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन विभागीय वेबसाइट के पोर्टल के माध्यम से स्वयं, किसी लोक सेवा केंद्र या चॉइस सेंटर से किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए विभाग की वेबसाइट देख सकते हैं या सीधे आईटीआई टेकारी कुंडा कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

**जयंती :** आरंग की अग्रसेन योगासन शाखा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 73वीं पुण्यतिथि मनाई

# डॉ. मुखर्जी भारतीय मूल्यों के संरक्षक और सामाजिक-आर्थिक संतुलन बनाने के पक्षधर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



अग्रसेन योगासन शाखा अग्रवाल पारा आरंग ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 73 वीं पूण्यतिथि मनाई। अग्रसेन योगासन शाखा अपने नित्य दिनचर्या आसन, प्राणायाम, ध्यान योग एवं ध्वज प्रणाम के बाद मुख्य अतिथि सूरज साहू एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष होरीलाल गुप्ता द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, डॉ. केशव बलीराम हेडगेवार, एवं गुरुजी सदाशिव गोलवलकर की छाया चित्र पर पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। मुख्य अतिथि सूरज साहू ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जनसंघ के संस्थापक थे, जो आज भारतीय जनता पार्टी के नाम से जाने जाते हैं। वे मानवता वादी संस्कृति के प्रतीक के रूप में जाने जाते हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष होरीलाल गुप्ता ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा तथा धारा 370 को राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा मानते हुए विरोध किया था। वे कहते है कि एक देश-दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नही चलेगा। अभिनेष अग्रवाल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बहुत विद्वान थे मात्र 23 वर्ष की आयु में कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बन गए थे। आज हमें उनके गौरवशाली इतिहास महान विचार एवं उनकी सोच को युवा पीढ़ी तक पहुंचने की आवश्यकता है।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मां भारतीय के महान सपूत थे

दीपक साहेब गुरुगोश्वामि ने कहा कि डॉ. मुखर्जी के मृत्यु के बाद देश में भारतीय जनता पार्टी एवं उनके कार्यकर्ताओं द्वारा एक ही नारा गूँजने लगा, जहाँ हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है। शंकर पाल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मां भारतीय के महान सपूत थे, वे भारतीय मूल्यों, सामाजिक, आर्थिक दुष्प्रभाव के खिलाफ थे। इस अवसर पर बृजेश अग्रवाल, रविन्द्र अग्रवाल, ओम गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता, बलराम साहू, गोपाल पाल, रामकुमार कंसारी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार व्यक्त अशोक कुमार ठाकुर द्वारा किया गया।

## पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई

**तिल्दा नेवरा।** पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम के तहत नगर पालिका तिल्दा नेवरा के सभापति रानी सौरभ जैन के नेतृत्व में सोमवार भाजपा नेताओं द्वारा सघन पौधारोपण कर पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उक्त पौधारोपण सभापति रानी सौरभ जैन के कृषि भूमि पर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका के सभापति ईश्वर यदु, रानी सौरभ जैन, बिलाडी सरपंच गौर सिंह ध्रुव, भाजपा महामंत्री सौरभ जैन भाजपा नेता अमरजीत पासवान, अहिल्याबाई वर्मा, भारत वर्मा, पवन निषाद, श्रीराम यादव, मनीष निषाद, दिनेश निषाद गायकवन बंजारे आदि उपस्थित थे ।



## गुरु खुशवंत ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी



**आरंग।** आरंग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अमेरी मे भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक एवं मातृभूमि के लिए बलिदान देने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित आरंग के विधायक व उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छ.ग.शासन कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त गुरु खुशवंत साहेब ने डॉ. मुखर्जी के बलिदान को याद करते हुए कहा एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे। यह कोई साधारण नारा नहीं, बल्कि डॉ. मुखर्जी जी की राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट निष्ठा और बलिदान का प्रतीक था। जम्मू-कश्मीर को भारत के अभिन्न अंग के रूप में स्थापित करने के लिए उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दे दी। गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का बलिदान किसी एक कालखंड तक सीमित नहीं, बल्कि भारत के वर्तमान और भविष्य को दिशा देने वाला मार्गदर्शक सिद्धांत है। उन्होंने आगे कहा कि आज जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व में अनुच्छेद 370 को हटाकर जम्मू-कश्मीर को मुख्यधारा में जोड़ा गया है, तो यह डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के संकल्प को साकार करने वाला ऐतिहासिक निर्णय है। यह केवल संवैधानिक बदलाव नहीं, बल्कि उनके बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि है। इस कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, पार्टी कार्यकर्तागण तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा से नमन किया और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## महेश्वरी जैन समाज के संयुक्त प्रयास से सरवाईकल टीकाकरण शिविर संपन्न



**तिल्दा नेवरा।** नेवरा के माहेश्वरी भवन में सोमवार कुल 30 बच्चियों को यह टीकाकरण किया गया। यहां पर बीएमओ डॉक्टर उमा पैकरा, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं शिक्षा सभापति रानी सौरभ जैन विशेष रूप से उपस्थित हुए। बीएमओ डॉक्टर उमा पैकरा ने इस टीकाकरण के बारे में विस्तार से बताई, रानी जैन ने अपने संबोधन व्यक्त किये, साथ ही बच्चियों को इसका प्रथम टीकाकरण 9 से 16 वर्ष के बीच दूसरा टीकाकरण 9 से 26 वर्ष व तीसरा टीकाकरण 16 से 26 वर्ष के बीच अलग अलग लगाया जाता है। बाजार में इस टीके का मूल्य दो हजार रुपए है लेकिन समाज द्वारा इसे 1200 में लगाया जा रहा है और आज 30 बच्चियों को यह टीका लगाया गया। डॉ. उमा पैकरा ने बताया कि सरवाईकल कैंसर महिलाओं में बहुत ज्यादा होने लगा है जिसके बचाव हेतु यह सर्वाइकल टीकाकरण किया जा रहा है। रानी सौरभ जैन ने कहा कि इस तहर के आयोजन आगे भी होते रहेगा। जिससे महिलाओं में जागरूकता बनी रहे।

## डामन ने की सोसायटियो मे खाद बीज का उपलब्ध कराने की मांग

**आरंग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के किसान अपने परिवार की जीवकोपार्जन की साधन खेतों में समय के अनुरूप धान की बुवाई की अग्रसर की ओर है लेकिन संपूर्ण प्रदेश में सरकार की लचर व्यवस्था के कारण किसानो को सोसायटीयों में खाद एवं बीज का उपलब्ध नहीं होना और बाजारों में अधिक कीमत पर मजबूरीवश खरीदना सरकार की किसानों के साथ भेदभाव छलावा एवं व्यापारियों के माध्यम से कालाबाजारी को बढ़ावा की मानसिकता को दर्शा रही है। इसीलिए लोग हमेशा भाजपा सरकार को किसानो के साथ न होकर व्यापारियों की सरकार कहलाने को चरितार्थ करती है अभी भी किसान सरकार की उचित कार्यवाही एवं उपलब्धता की आस मे रोज सोसायटीयो की चक्कर काट रहे है। लेकिन शासन प्रशासन की निष्क्रियता के उपलब्ध नही होने से निराश होना पड़ रहा है। जो कृषि प्रधान एवं धान का कटोरा कहलाने



वाले प्रदेश की किसानो के साथ खिलवाड को उजागर कर रही है। जो इस प्रदेश की सरकार की नाकामीयो को दर्शा रही है किसानो की गंभीर समस्या को हमेशा कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक आवाज उठाकर राहत दिलाने का काम करते आ रही है आज भी वर्तमान समय में किसानों की पीड़ा को गंभीरता लेते हुए ब्लॉक कांग्रेस एवं जिला कांग्रेस कमेटी के माध्यम से स्थानीय सोसायटीयो से लेकर जिला स्तर के जिम्मेदार अधिकारियों को किसानों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन के माध्यम से तत्काल खाद एवं बीज उपलब्ध कराकर किसानो को राहत दिलाने की मांग डामन साहू उपाध्यक्ष

### तुलसी के प्राथमिक शाला में उत्साहपूर्वक मनाया शाला प्रवेश उत्सव

**मंदिर हसौद।** ग्राम पंचायत तुलसी के प्राथमिक शाला स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जहां स्कूल के सभी छात्र छात्राओं को शाला गणवेश एवं पुस्तक कॉपी वितरण किया गया तत्पश्चात ग्राम पंचायत तुलसी के सरपंच सुरेश कुमार धीवर जी के द्वारा सभी छात्र छात्राओं को नेवता भोज कराया गया। जंहा मुख्य अतिथि निर्मल महावर एवम विजय दानी, अजय प्रकाशन विशेष अतिथि जनपद सदस्य बरखा लोकेश साहू ,उपसरपंच टामेश बघेल, सरपंच प्रतिनिधि बैधनाथ धीवर, पूर्व जनपद इंदर साहू , पूर्व सरपंच टूमन लाल धीवर, पंचगण, लिकेश खेलवार, भूषण देवांगन,युगल धीवर, मेघनाथ धीवर, रमेन्द्र सेन, सूदन सेन, एवम ग्राम विकाश समिति से चंदूलाल धीवर एवं प्राथमिक शाला तुलसी स्कूल प्रधान पाठक समस्त टीचर उपस्थित रहे।

## झांझ स्कूल में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया



**आरंग।** शाशकीय प्राथमिक शाला झांझ में सोमवार को प्रवेश उत्सव बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन से हुई। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक कर स्वागत किया गया। बच्चों को मिठाई, किताबें एवं स्टेशनरी वितरित की गई। मुख्य अतिथि वीरेंद्र गोलू हिरवानी ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को मेहनत और अनुशासन का संदेश दिया। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। पूरे विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल रहा। इस अवसर पर सरपंच शकुन सिया साहू, पंचगण राजबाई चंदाने, पुष्पा टंडन, कुलेशश्वरी पटेल, ग्राम प्रमुख गणेश टण्डन, सूबेलाल चंदाने, अवध राम पटेल, शाला विकास समिति अध्यक्ष यशवंत नौरंगा के अलावा स्कूल के शिक्षकगन उपस्थित थे।

## गोढ़ी स्कूल में योग दिवस पर भव्य योग शिविर का आयोजन

**आरंग।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोढ़ी में शनिवार को योग शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षिकाओं, नेहा सोनवानी सरपंच, गोढ़ी गोपाल धीवर पूर्व सरपंच, स्कूल के प्राचार्य एसआर घृतलहरे, सुनीता पांडे, राजेश्वरी शर्मा, निर्मला ओगरे सहित सभी शिक्षकगण अन्य पंचायत प्रतिनिधि के अलावा आरोग्य केंद्र के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. निशा जांगड़े की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। योग प्रशिक्षक प्रेमलता वर्मा ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की तकनीकों का अभ्यास करवाया। उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति, एकाग्रता तथा आत्मअनुशासन को भी बढ़ावा देता है। कार्यक्रम में उपस्थित स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. निशा जांगड़े ने शिविर में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों व स्थानीय प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा, "योग एक जीवनशैली है, जो हमें रोगमुक्त और तनावमुक्त बनाकर संपूर्ण जीवन को संतुलित बनाता है। इसे हम दैनिक जीवन में अपनाकर एक बेहतर समाज की स्थापना कर सकते हैं।"इस योग शिविर में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों व ग्रामीणजनों की भागीदारी ने यह सिद्ध किया कि आज की युवा पीढ़ी योग के महत्व को समझ रही है और स्वस्थ्य जीवन शैली की ओर अग्रसर हो रही है।



## खौली में शराब दुकान खोलने के विरोध में धरना कल

**आरंग।** ग्राम खौली में शराब दुकान खोलने को लेकर प्रशासन की सक्रियता के बीच एक बार फिर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया है। प्रशासन द्वारा 2 जुलाई तक इच्छुक व्यक्तियों से दुकान के लिए जगह देने संबंधी निविदा आमंत्रित की गई है, जिससे नाराज ग्रामीणों ने 25 जून को गांव में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन का निर्णय लिया है। पूर्व में अप्रैल माह में भी इसी मुद्दे पर विरोध दर्ज कराया गया था। ग्रामीणों ने

- ग्रामीणों ने अधिकारियों से मुलाकात कर जताया था विरोध

विधायक गुरु खुशवंत सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल समेत प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात कर विरोध जताया था। उस समय हुए धरने में सरपंच द्वारा कथित रूप से शराब दुकान प्रस्ताव देने के खुलासे ने विवाद को और बढ़ा दिया था। 18 जून को हुई बैठक में गांव के किसी भी व्यक्ति द्वारा दुकान के लिए जगह न देने तथा पंचायत से किसी शासकीय भूमि का प्रस्ताव न देने का निर्णय लिया गया। धरने के लिए आसपास के गांवों से भी समर्थन जुटाया जा रहा है।

**योग दिवस पर तुलसी में हुआ सामूहिक योगाभ्यास**

# रोगमुक्त जीवन जीने के लिए योग आवश्यक: सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तुलसी में भव्य सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच गिरधर साहू द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे हमें अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। योग से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक और बौद्धिक विकास भी संभव होता है। आज के समय में रोगमुक्त जीवन जीने के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य एस.के. देवांगन ने की। उन्होंने योग को जीवन शैली का अंग बनाकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक गणेशराम साहू ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं ग्रामीणों को योगाभ्यास कराया तथा विभिन्न योगासनों का अभ्यास करवाया। कार्यक्रम में ग्राम के अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विशेष रूप से उपसरपंच टिकलेज़ मार्कण्डेय, ग्रामसभा अध्यक्ष बलराम साहू, प्रधानपाठक गणपत साहू, विष्णु साहू, आर. के. साहू, छबिराम सारथी, एस.के. बंजारे, भरतलाल दिवान, भावेश मिश्रा, प्रकाश सोनी, दीपा सौंधिया एवं मेनका नारंग की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन कार्यक्रम में शामिल हुए और योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन की दिशा में कदम बढ़ाया। समापन अवसर पर सभी ने नियमित योग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भूमिका रही।

### बद्रीनारायण स्कूल में योग दिवस मनाया

**नेवरा।** बद्रीनारायण बगड़िया शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में प्रति वर्षानुसार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए, शाला विकास समिति के अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, डॉक्टर लक्ष्मण साहू , आनंद शर्मा, उपस्थित रहे। योग कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार चंदानी के निर्देशानुसार वरिष्ठ व्याख्याता जितेंद्र कुमार जेहोआश एवं शयश कुमार यादव ने किया। शाला विकास समिति अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने योग को एक साधना बताते हुए कहा कि इससे छात्र-छात्राएं अपने स्मरण शक्ति बढाकर लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं, संस्था के प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार चंदानी ने जनप्रतिनिधियों का आभार प्रदर्शन किया तथा कार्यक्रम का समापन स्वल्पाहार वितरण कर किया गया ।



## बारिश न होने से किसान बेहाल धान की फसल पर छाया संकट

**आरंग।** किसानों को धरती का भगवान कहा जाता है क्योंकि किसान ही चिटी से लेकर हाथी तक के लिए अन्न उपजाते हैं।यही कारण है कि किसानों को अन्नदाता भी कहा जाता है पर आज किसानों पर दोहरा संकट मंडराने लगा हैं। अंचल के किसान नेता पारसनाथ साहू का कहना है खाद की भारी संकट से किसान पहले से ही जूझ रहे हैं। वहीं धान बोनी के बाद समय पर वर्षा नहीं होने से किसानों पर दोहरा संकट आन पड़ी हैं। दरअसल मौसम विभाग से छत्तीसगढ़ में गत सप्ताह मानसून आने की जानकारी मिली थी। जिसे देखते हुए अधिकतर किसान खुर्रा विधि से अपने खेतों में धान की बुवाई कर लिए। किंतु हल्की बारिश से उपर पड़े कुछ ही बीजों का अंकुरण हो पाया है और जो बीज मिट्टी के अंदर चला गया है उसका अंकुरण नहीं हो पाया है। वहीं बोनी के बाद काफी दिनों से बारिश नहीं होने से बीज का अंकुरण नहीं हो रहा है। पानी नहीं गिरने से ऊपर की मिट्टी कठोर हो चुकी है। अब किसानों के पास रखें बीज भी समाप्त हो चुका है। ऐसे में किसानों को गहरी चिंता सताने लगी है। सरकार पहले से ही खाद की व्यवस्था नहीं कर पा रही हैं। वहीं अब बीज और डबल बोनी की चिंता अन्नदाताओं के माथे पर चिंता की लकीरें दिखने लगा है। यदि एक दो दिन में बारिश नहीं हुई तो किसानों का सारा मेहनत बर्बाद हो जाएगा। किसानों को दोबारा धान की बोनी करनी पड़ेगी। जिसके लिए अलग से मेहनत और खर्च करना पड़ सकता है।

## खबर संक्षेप



### भाजपा ने किया श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद

रायपुर। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। एकात्म परिसर में श्रद्धांजलि सभा में रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी ने कहा, धारा 370 समाप्ति ही डॉ. मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि है। यह काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसा साहसिक नेतृत्व ही कर सकता है। युवा मोर्चा के रक्तदान शिविर में सुनील सोनी ने कहा, डॉ.मुखर्जी का बलिदान व्यर्थ नहीं गया। आज इतनी बड़ी संख्या में लोग उनके बलिदान दिवस पर रक्त देकर एक व्यक्ति को जीवन दान देने का काम कर रहे हैं। प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, वे आजाद भारत के पहले क्रांतिकारी है जिन्होंने अखंड भारत के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कहा, यह हम सबका सौभाग्य है कि हम ऐसे वटवृक्ष के नीचे छाया में हैं, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर भी इस देश को अखण्ड रखने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

### वाणिज्यिक कर विभाग में 17 अधिकारियों के तबादले

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन ने वाणिज्यिक कर विभाग में पदस्थ अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी कर दिए हैं। विभाग द्वारा जारी इस सूची में 17 अधिकारियों के नाम शामिल हैं। जारी तबादले के आदेश में जिन अधिकारियों के तबादले किए गए हैं, उनमें लेख राज बजारी को कार्यालय सहायक आयुक्त राजनांदगांव से कार्यालय संयुक्त आयुक्त राज्य कर दुर्ग संभाग पदस्थ किए गया है। श्रवण कुमार कार्यालय राज्य कर आयुक्त नवा रायपुर अटल नगर से उपायुक्त राज्य कर नवा रायपुर, नुरेन्द्र कुमार पटेल को कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर रायपुर वृत्त नौ से उपायुक्त राज्य कर रायपुर संभाग, नवदीपक साहू कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर रायपुर वृत्त तीन से कार्यालय संयुक्त आयुक्त राज्य कर नवा रायपुर संभाग, कल्पना साहू कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर दुर्ग वृत्त तीन से उपायुक्त राज्य कर रायपुर संभाग क्रमांक दो, भूपेंद्र बहादुर जांगडे कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर जांजगीर को उपायुक्त राज्य कर रायगढ़ संभाग, सविता कोर्राम कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर जगदलपुर वृत्त दो से कार्यालय राज्य कर आयुक्त नवा रायपुर अटल नगर, संदीप कुमार साय कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर अम्बिकापुर वृत्त आठ से कार्यालय संयुक्त राज्य कर सरगुजा संभाग, टीकम गुनेन्द्र कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर रायपुर वृत्त आठ से कार्यालय कार्यालय राज्य कर आयुक्त, नवा रायपुर अटल नगर,. शंकर सिंह जानसन कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर कवर्धा से उपायुक्त राज्य कर जगदलपुर संभाग, मदन राम बड़ा कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर अंबिकापुर से उपायुक्त राज्य कर सरगुजा संभाग, अरविंद पांडे कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर रायपुर वृत्त एक से उपायुक्त राज्य कर बिलासपुर, संदीप यदु को कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर दुर्ग से उपायुक्त राज्य कर दुर्ग संभाग, सी खलखो कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर जगदलपुर वृत्त एक से उपायुक्त राज्य कर रायपुर संभाग क्रमांक दो, प्रकाश गुप्ता कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर रायपुर से कार्यालय संयुक्त आयुक्त राज्य कर नवा रायपुर अटल नगर, मीना मिश्रा कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर अंबिकापुर वृत्त एक से कार्यालय संयुक्त आयुक्त राज्य कर बिलासपुर संभाग और सुखना राम कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर बिलासपुर वृत्त तीन से कार्यालय संयुक्त आयुक्त राज्य कर सरगुजा पदस्थ किया गया है।

# अब तिलहन बीज उत्पादन और प्रमाणित बीज वितरण अनुदान मिलेगा 1500 रुपए प्रति क्विंटल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब तिलहनी फसलों के बीज उत्पादन और प्रमाणित बीज वितरण पर अनुदान के रूप में 1500 रुपए प्रति क्विंटल राशि दी जाएगी। राशि में यह वृद्धि 10 साल बाद हो रही है। 2015 से अब तक 1000 रुपए दिए जाते थे।

**ये है मामला :** राज्य सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने यह बदलाव करने के लिए कृषि विभाग की कृषक समग्र विकास योजना के दिशा निर्देशों में संशोधन किया है। इस संबंध में संचालक कृषि, सभी जिला कलेक्टर, सभी जिला उप संचालक कृषि, सभी जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को इससे अवगत कराया गया है।

## दस साल से मिल रहे थे एक हजार रुपए

अलग खबर

### क्या है ये योजना

कृषक समग्र विकास योजना के तहत, बीज संवर्धन योजना का मुख्य उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाले बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। यह योजना छत्तीसगढ़ राज्य के किसानों को लाभान्वित करने के लिए बनाई गई है, खासकर लघु और सीमांत किसानों को। इस योजना के तहत, किसानों को प्रमाणित और संकर बीजों पर अनुदान दिया जाता है, जिससे वे अपनी फसलों के लिए बेहतर गुणवत्ता वाले बीज प्राप्त कर सकें।



### ये है योजना का उद्देश्य

उच्च गुणवत्ता वाले बीजों की उचित मूल्य पर उपलब्धता सुनिश्चित करना। इसके लिए पात्रता यह है कि छत्तीसगढ़ राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था में पंजीकृत किसान होना चाहिए। राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम या संचालक कृषि के माध्यम से अनुदान दिया जाता है।

### अब हुआ ये बदलाव

कृषक समग्र विकास योजना के घटक अक्ती बीज संवर्धन योजना में संशोधन के तहत अब तिलहनी फसलों के प्रजनक से आधार, आधार से प्रमाणित एवं प्रमाणित 1 से प्रमाणित 2 बीज उत्पादन पर 1500 रुपए प्रति क्विंटल अनुदान दिया जाएगा। इसी तरह प्रमाणित बीज वितरण पर अनुदान के संबंध कहा गया है कि तिलहनी फसलों के आधार एवं प्रमाणित बीज उत्पादन पर 1500 रुपए प्रति क्विंटल का अनुदान दिया जाएगा। 2015 से अब तक यह अनुदान 1000 रुपए मिलता था। इस योजना की बाकी शर्तें यथावत रहेंगी।

# सोसाइटियों में सूचक बोर्ड नियम का पालन नहीं प्रबंधक नहीं कर रहे डीएपी-यूरिया की एंट्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर


लाइव रिपोर्ट

सहकारी सोसाइटियों में एक ओर जहां डीएपी और यूरिया की किल्लत बनी हुई है, वहीं दूसरी ओर सोसाइटियों में किसानों को उपलब्ध कराई जाने वाली डीएपी, यूरिया सहित इफको, पोटाश, धान बीज आदि सामग्री से संबंधित स्टॉक की मात्रा एवं दर की एंट्री भी सूचक बोर्ड में दर्ज नहीं की जा रही है, जिसके कारण किसानों को इसकी जानकारी से भी वंचित रखा जा रहा है कि सोसाइटी में स्टॉक है या नहीं। सूचक बोर्ड में एंट्री नहीं होने से किसान भी सोसाइटी में स्टॉक या नहीं इसे लेकर भ्रमित हो रहे हैं, जिसका फायदा कई सोसाइटी प्रबंधक उठा रहे हैं।

स्टॉक होने के बाद भी डीएपी और यूरिया सहित अन्य सामग्री नहीं होना बताकर किसानों को बैरंग लौटाया जा रहा है, वहीं कई जगह स्टॉक की कम उपलब्धता बताकर निर्धारित से अधिक कीमत पर सामग्री बेचे जाने की भी शिकायतें सामने आई हैं।

हरिभूमि टीम ने राजधानी रायपुर जिले की कई सोसाइटियों में जाकर डीएपी, यूरिया, पोटाश सहित अन्य सामग्री के स्टॉक और सूचक बोर्ड की पड़ताल की। इस पड़ताल में सोसाइटियों में सूचक बोर्ड तो टंगे मिले, लेकिन उनमें कहीं भी स्टॉक की मात्रा एवं दर से संबंधित एंट्री नहीं मिली। इन सोसाइटियों के प्रबंधकों से सूचक बोर्ड में स्टॉक की एंट्री से संबंध जानकारी ली, तो उनके द्वारा तरह-तरह के बहाने बनाए गए। इनमें किसी ने कहां कि रोज एंट्री होती है, लेकिन आज देर हो गई है, तो किसी ने कहा कि कर्मचारी एंट्री करना भूल गया है, वैसे हर दिन एंट्री की जाती हैं।

उल्लेखनीय है कि सोसाइटियों में डीएपी एवं यूरिया की किल्लत होने से किसानों को बाजार से महंगे दर पर खरीदना पड़ रहा है, वहीं एक ओर सोसाइटियों में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध होने की बात कहीं जा रही है। इधर जिन सोसाइटियों में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, उन गांव के कुछ किसानों ने बताया कि सोसाइटियों में मांग के अनुसार डीएपी, यूरिया आदि सामग्री नहीं मिलने के कारण उन्हें निजी दुकानों से खरीदना पड़ा। इससे आशंका जताई जा रही है कि सोसाइटियों में सूचक बोर्ड में स्टॉक उपलब्धता की एंट्री नहीं कर किसानों को मौखिक रूप से गलत जानकारी देकर उन्हें खाद सामग्री बेची जा रही है।




### केस 1

माना स्थित 132 शाखा में सूचक बोर्ड में स्टॉक संबंधित एंट्री नहीं मिली। इस शाखा के प्रबंधक टेकराम बघेल ने पूछने पर स्टॉक की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्टॉक में डीएपी नहीं हैं, लेकिन एनपीके उपलब्ध है। यूरिया, पोटशा एवं सुपर फास्ट भी उपलब्ध हैं। स्टॉक की उपलब्ध होने के बाद सूचक बोर्ड में इसकी एंट्री नहीं की गई थी।



### केस 2

अभनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम तोरला कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सोसायटी में भी सूचक बोर्ड तो लगा था, लेकिन उसमें खाद सहित अन्य सामग्रियों की मात्रा, दर की एंट्री नहीं की गई थी। इस सोसाइटी के प्रबंधक कमल नारायण साहू ने बताया कि उनके यहां भी 400 किसानों को एनपीके, यूरिया, पोटाश आदि वितरण किया गया हैं। इसके अलावा सोसाइटी में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। लगभग 100 किसान अभी सामग्री नहीं लिए हैं, जिसे बांटा जाना है।




# राशन कार्डधारियों को तीन माह का राशन देने की समय-सीमा 20 जुलाई तक बढ़ाने केंद्र से आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल के निर्देश पर खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन कार्डधारियों को माह जून से अगस्त तक तीन माह का एकमुश्त राशन वितरण की तिथि 20 जुलाई तक वृद्धि करने केन्द्रीय खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के उप निदेशक को पत्र लिखकर आग्रह किया है। गौरतलब है कि वर्तमान में तीन माह का एकमुश्त राशन वितरण करने की समय-सीमा 30 जून तक निर्धारित है। पत्र में कहा गया है कि भारत सरकार के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में माह जून, 2025 से अगस्त, 2025 तक के 03 माह का खाद्यान्न राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत जारी 56.78 लाख राशनकार्डधारी परिवारों को तथा छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम, 2012 के अंतर्गत जारी 24.44 लाख राज्य पूल के राशनकार्डधारी परिवारों को भी माह जून से अगस्त 2025 तक के 03 माह का खाद्यान्न एकमुश्त रूप से चालू माह जून में वितरित किया जा रहा है।

**आ रही है ये दिक्कत**

पत्र में कहा गया है कि माह जून में 03 माह के एकमुश्त चावल के भण्डारण एवं वितरण का कार्य राशनकार्डधारी परिवारों को केन्द्रीय पूल एवं राज्य पूल के 03 माह के खाद्यान्न के वितरण हेतु प्रति हितग्राही 06 बायोमैट्रिक ट्रान्जेक्शन के आधार पर कुल 3.41 करोड़ बायोमैट्रिक प्रमाणीकरणयुक्त ट्रान्जेक्शन राज्य भर में होने हैं, जो कि बहुत अधिक संख्या में है।

### 50 प्रतिशत दुकानों में मशीन की समस्या भी

इसी तरह यूआईडीएआई के निर्देशानुसार 7000 एल-0 बायोमेट्रिक ई-पॉस मशीन को अपग्रेड करने का कार्य भी समानांतर रूप से प्रचलित है। राज्य में लगभग 50 प्रतिशत दुकानों में एल-0 मशीन डिस्कंटीन्यू कर दिए गए हैं। साथ ही माह मई 2025 में असामयिक रूप से हुई वर्षा से 03 माह के खाद्यान्न का अग्रिम भण्डारण भी प्रभावित हुआ है। उचित मूल्य दुकानो में 03 माह के खाद्यान्न के भण्डारण की व्यवस्था के साथ-साथ इन महीनों के खाद्यान्न का तौल कर वितरण में भी अतिरिक्त समय लग रहा है। उपरोक्त दृष्टिगत रखते हुए राज्य हेतु माह जून से अगस्त 2025 के खाद्यान्न के भण्डारण की समय-सीमा 23 जून 2025 तक तथा हितग्राहियों को राशन वितरण की समय-सीमा में 20 जुलाई, 2025 तक वृद्धि करने का अनुरोध किया गया है।

# पायलट ने कहा- छग में कानून व्यवस्था लचर, यहां सब दिल्ली से तय होता है

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने कहा है कि प्रदेश की कानून व्यवस्था लचर हो गई है। ऐसा लगता है कि यहां दिल्ली से सब कुछ मैनेज हो रहा, रायपुर का नियंत्रण कम है। जिन्हें शासन चलाने के लिए जनता से आशीर्वाद मिला है, वो भी हर निर्णय में दिल्ली पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा, नक्सल विरोधी अभियान पारदर्शी तरीके से प्रभावी ढंग से चलाए जाने चाहिए और इसका राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हाल ही में दिए गए बयान के बारे में पूछे जाने पर कि बरसात के मौसम में भी नक्सल विरोधी अभियान जारी रहेंगे, पायलट ने कहा, कांग्रेस हमेशा हिंसा और उग्रवादियों के खिलाफ रही है। हमारे नेताओं ने इस देश और राज्य को सुरक्षित रखने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे। उन्होंने संवाददाताओं से चर्चा में कहा, जो भी प्रभावी कार्रवाई की जानी है, वह की जानी चाहिए। यह आंतरिक सुरक्षा का मामला है, इस पर किसी को राजनीति नहीं करनी चाहिए, जो भी कार्रवाई की जाए, वह सभी को विश्वास में लेकर की जाए। उन्होंने कहा, नक्सलियों के खिलाफ प्रभावी, पारदर्शी कार्रवाई होनी चाहिए और इसका कोई राजनीतिक रंग नहीं होना चाहिए। पायलट ने कहा, सभी को न केवल छत्तीसगढ़ में, बल्कि अन्य राज्यों में भी नक्सलवाद को खत्म करने के लिए एक साथ आना चाहिए, जो इस समस्या से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा, बहुत विचार-विमर्श के बाद सख्त कदम उठाए जाने चाहिए।

### पायलट ने ली कांग्रेस विधायक दल की बैठक

प्रदेश कांग्रेस विधायक दल की बैठक में आगामी मानसून सत्र की तैयारियों और सरकार के खिलाफ लाए जाने वाले मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने विधायकों से कहा कि वे अपने क्षेत्र के अलावा सरकार के खिलाफ सामने आए मुद्दों के जरिए पार्टी का पक्ष मजबूती से रखें। बताया गया है कि खाद, बीज की कमी, अवैध शराब बिक्री, युक्तियुक्तकरण से स्कूलों की बंद, बिगड़ती कानून व्यवस्था, धान की खराबी जैसे मुद्दों पर आने वाले समय में सरकार के खिलाफ उठाने कांग्रेस विधायकों को एकजूटता दिखाने पर जोर दिया गया। विधायकों से कहा गया है कि आत जनता के बीच यी मैसेज जाए कि विपक्ष अपनी ओर से सरकार के कामकाज की वास्तविकता प्रस्तुत कर रही है। इन मामलों में विशेष तौर पर सभी तथ्यों के आधार पर सरकार को कटघरे में खड़ा किया जाए। यहां पर अपराध की स्थिति और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो रहे कार्यो की ओर ध्यान देने कहा गया।

# प्राक्कलन समिति के 75 वर्ष पूरे, मुंबई के सम्मेलन में शामिल हुए चंद्राकर

### छत्तीसगढ़ विधानसभा में अधिक से अधिक बैठकें हो रही



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

संसद एवं राज्य विधान मंडलों की प्राक्कलन समिति के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लोक सभा, राज्य सभा एवं राज्य विधान मंडलों की प्राक्कलन समिति के सभापतियों का सम्मेलन मुंबई में आयोजित किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ लोक सभा अध्यक्ष ओम प्रकाश बिड़ला एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस ने किया। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ विधान सभा की प्राक्कलन समिति के सभापति अजय चंद्राकर एवं सदस्य राजेश मूणत, भोलाराम साहू, कुंवर सिंह निषाद एवं विधान सभा सचिव दिनेश शर्मा भी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधान सभा की प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष अजय चंद्रकार ने कहा, कोई भी संसद विधान मंडल अपना कार्य स्वयं पूर्ण नहीं कर सकते। संसद-विधान मंडल अपना कार्य समितियों के माध्यम से करते हैं, भारत में समिति पद्धति का प्रारंभ सन-1854 में हुआ है। हमारे देश में 1912 में सर्वप्रथम प्राक्कलन समिति का गठन किया गया था। उन्होंने कहा, प्राक्कलन समिति विभिन्न अनुभागों से प्राप्त प्रस्तावों की जॉच करते हुए उनके आवश्यक वित्तीय प्रावधानों की अनुशंसा करती है। समिति साथ ही यह सुनिश्चित करती है कि कोई भी योजना पूर्वानुमान के बिना क्रियान्वित न हो, उन्होंने कहा, प्राक्कलन समिति वित्तीय अनिमितताओं की रोकथाम में एक प्रभावशाली भूमिका निभाती है ।



### हर रुपए का सही उपयोग, हर योजना का सही मूल्यांकन ही अच्छे शासन की नींव : बृजमोहन

रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में सोमवार को मुंबई में महाराष्ट्र विधानसभा में आयोजित संसद और राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों की विधानमंडलीय निकायों की प्राक्कलन समितियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में सहभागिता की। प्रशासन में दक्षता और मितव्ययिता सुनिश्चित करने हेतु बजट प्राक्कलनों की प्रभावी निगरानी और समीक्षा में प्राक्कलन समिति की भूमिका विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में देशभर से सांसद, विधायकों और विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। श्री अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा, हर रुपए का सही उपयोग और हर योजना का सही मूल्यांकन, यही अच्छे शासन की नींव है। यह सम्मेलन उसी दिशा में एक ठोस कदम है। श्री अग्रवाल ने कहा, यह राष्ट्रीय सम्मेलन बजट के प्रभावी उपयोग, पारदर्शिता तथा जवाबदेही को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया, समिति सदस्यों और विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों के साथ हुई सार्थक चर्चा में प्रशासनिक प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के सुझाव साझा किए गए। श्री अग्रवाल ने यह भी कहा, ऐसी बैठकें न केवल केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय को मजबूत करती हैं, बल्कि शासन में आर्थिक अनुशासन, जनहित की योजनाओं की गुणवत्तापूर्ण निगरानी और संसाधनों के कुशल उपयोग को सुनिश्चित करने में भी मदद करती हैं।

## किरण देव की नई कार्यकारिणी को लेकर अगले माह से प्रारंभ होगी कवायद

# प्रदेश भाजपा संगठन में नए चेहरों को मिलेंगे महामंत्री के पद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी की कवायद अब तक प्रारंभ नहीं हो सकी है। संभावना है कि अगले माह कार्यकारिणी को लेकर कवायद होगी। यह तय है कार्यकारिणी में बड़ा बदलाव होगा। इसमें सबसे अहम महामंत्रियों के पदों पर सबकी नजरें हैं। एक महामंत्री जगदीश रामू रोहरा जहां धमतरी के महापौर बन गए हैं, वहीं एक महामंत्री संजय श्रीवास्तव को नान का अध्यक्ष बना दिया गया है। दो और महामंत्रियों को उपाध्यक्ष बनाए जाने की संभावना है। ऐसे में महामंत्री के चारों पदों पर नए चेहरों को मौका मिल सकता है। इसको लेकर कई नेता प्रयास में भी लग गए हैं। किरण देव को अध्यक्ष की कमान संभाले हुए पांच माह हो गए हैं, लेकिन अब तक उनकी नई कार्यकारिणी का ऐलान नहीं हो सका है।



इसमें सबसे बड़ा बाधा यह है कि अब तक मंडलों और जिलों की कार्यकारिणी नहीं बन सकी है। इसके बाद प्रदेश की कार्यकारिणी बनेगी। प्रदेश की नई कार्यकारिणी के साथ ही भाजपा के सात मोर्चा के नए अध्यक्षों का भी ऐलान होगा। प्रदेश भाजपा की कार्यकारिणी में भी थोक में नए चेहरों को मौका मिलना तय है। प्रदेश सरकार के निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड में प्रदेश संगठन के 20 पदाधिकारियों को पद मिल चुके हैं। अब इनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया जाएगा।

### होगा अहम बदलाव

किरण देव की नई कार्यकारिणी में कई बदलाव होने तय हैं। एक उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव राजनांदगांव के महापौर बने हैं। इसी के साथ 20 पदाधिकारियों को निगम, मंडल आयोग में स्थान मिला है। निगम, मंडल की तीसरी सूची में भी कई पदाधिकारियों को पद मिलेंगे। इसके बाद इनके स्थान पर नए चेहरों को रखा जाएगा। मोर्चा के अध्यक्षों में जहां महिला मोर्चा की अध्यक्ष शालिनी राजपूत को छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष बनाया गया है। विकास मरकाम को भी आयोग में स्थान मिला है। इसी के साथ किसान मोर्चा के अध्यक्ष तोखन साहू केंद्रीय मंत्री बन चुके हैं। इसके स्थान पर भी नए चेहरों को मौका मिलेगा। प्रदेश संगठन की नई कार्यकारिणी का अनुमोदन राष्ट्रीय संगठन से लेना पड़ता है। ऐसे में संभावना यही जताई जा रही है कि भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के बाद ही कार्यकारिणी बनाकर उसको अनुमोदन के लिए राष्ट्रीय संगठन को भेजा जाएगा।

# मध्य क्षेत्रीय विकास परिषद की बैठक में शामिल होंगे सीएम साय, गृहमंत्री शाह के साथ रवाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को अपना 2 दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरा पूरा कर वाराणसी रवाना हो गए। उनके साथ ही छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी वाराणसी रवाना हुए। सीएम साय ने अपने दौरे को लेकर संवाददाताओं से चर्चा में बताया कि वे वाराणसी में 24 जून को मध्य क्षेत्रीय विकास परिषद की बैठक में शामिल होंगे। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री शाह करेंगे।

वहीं केंद्रीय गृह मंत्री शाह के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर सीएम साय ने कहा, गृह मंत्री का 2 दिवसीय प्रवास था, इस दौरान उन्होंने नक्सल प्रभावित प्रदेश की बैठक ली, जिसमें नक्सलवाद पर विस्तार से समीक्षा की गई।



नारायणपुर के कैंप में उनका दौरा था। लोगों से मुलाकात करनी थी, लेकिन मौसम के चलते दौरा रद्द हो गया। उन्होंने आगे बताया कि बस्तर में कई बड़े ऑपरेशन चले हैं। नक्सली हेड बसव राजू को ढेर किया गया था। एंटी नक्सल ऑपरेशन में शामिल जवानों से केंद्रीय मंत्री शाह ने मुलाकात की है।

**विमानतल पर भाजपा नेता मिले**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपने दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के बाद सोमवार की अपराह्न रायपुर से रवाना हुए। विमानतल पर श्री शाह से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, भूपेंद्र सवन्नी, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, जगदीश (रामू) रोहरा, रामजी भारती, कोषाध्यक्ष नंदन जैन, प्रदेश प्रदेश कार्यालय प्रभारी नरेशचंद्र गुप्ता,प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल, जिलाध्यक्ष रायपुर शहर रमेश ठाकुर, जिलाध्यक्ष रायपुर ग्रामीण श्याम नारंग, पूर्व जिला अध्यक्ष जयंती पटेल, भाजपा नेता हरपाल सिंह भामरा, प्रीतेश गांधी, आकाश विग ने भेंट की।

## खबर संक्षेप



### भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में नहीं होगा डीजे का उपयोग

**रायपुर।** पुरी की तर्ज पर श्री जगन्नाथ रथयात्रा आयोजन समिति कोटा द्वारा भगवान जगन्नाथ रथयात्रा का भव्य एवं दिव्य आयोजन किया जा रहा है। समिति के प्रचार प्रमुख कृपासिंधु तांडी एवं भाबो तांडी, बिरेंद्र सोना, गोपाल बाघ, अमर तांडी, जयलाल नायक, अजय यादव, मालिकराम विश्वकर्मा, गजानंद यादव ने बताया कि जगन्नाथ रथयात्रा में डीजे साउण्ड का उपयोग नहीं किया जाएगा। रथयात्रा प्रधानमंत्री आवास से प्रारंभ होकर जगन्नाथ चौक, जनहित चौक, रामदरबार गेट, कबीर चौक होते हुए कोटेश्वर नगर, गोकुल नगर, लक्ष्मीनारायण मंदिर मार्ग रेलवे क्रॉसिंग होते सिद्धेश्वरी नगर से सिद्धेश्वरी मंदिर के पास विश्राम स्थल पहुंचेगी। रथयात्रा का विभिन्न स्थानों पर भक्तजन रथ में विराजे भगवान जगन्नाथ माता सुभद्रा एवं भैया बलभद्र का स्वागत करेंगे। साथ ही गजा मूंग प्रसाद का वितरण किया जाएगा। रथयात्रा को भव्य रूप देने के लिए तैयारी की जा रही है। इस वर्ष के रथयात्रा में विशेष प्रस्तुति मां मंगला घंटा बाजा पार्टी बरगढ़ ओडिशा, चैतन्य संकीर्तन पार्टी कुर्लुभांटा ओडिशा, मोइनगांव टिटलागढ़ ओडिशा के कलाकारों द्वारा विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अतिरिक्त रथयात्रा को और भी भव्य एवं दिव्य रूप प्रदान करने के लिए दशहरा उत्सव समिति कोटा के बाल कलाकारों द्वारा राउत नाचा की प्रस्तुति एवं रथयात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर विशाल रंगोली से सजाने का काम रामसागर पारा रायपुर के कलाकारों द्वारा किया जाएगा। 3.5 किलोमीटर की यह भव्य एवं दिव्य रथयात्रा दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि 9.30 विश्राम स्थल सिद्धेश्वरी मंदिर तक पहुंचेगी।

# सर्व यादव समाज 10 जुलाई को करेगा मुख्यमंत्री निवास का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सर्व यादव समाज 10 जुलाई को मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगा। इसमें बड़ी संख्या में समाज सर्व समाज के पदाधिकारी और समाजजन शामिल होंगे। राजनीतिक दलों द्वारा यादव समाज की उपेक्षा से नाराज सर्व यादव समाज के इस आंदोलन का नेतृत्व पद्म विभूषण फुलबासन यादव करेंगी।

रायपुर यादव समाज के संरक्षक देवेंद्र यादव ने बताया, राजधानी के पचपेड़ी नाका स्थित होटल प्रकाश पैलेस में सर्व यादव समाज के बैनर तले आवश्यक बैठक रखा गयी। इसमें यादव समाज को राजनीतिक पार्टियों द्वारा वोट बैंक का जरिया समझे जाने पर आक्रोश जताया गया, जबकि छत्तीसगढ़ में जनसख्या के आधार पर दूसरे नंबर पर यादव समाज आता है। इसके बाद यादव समाज को समुचित राजनीतिक प्रतिनिधित्व नहीं दिये जाने पर समाज जनों ने नाराजगी जताई। समाज जनों का ये भी कहना है, अभी भी यादव समाज के साथ वर्तमान सरकार द्वारा छल किया जा रहा है। जिस यादव समाज के लिए गो सेवा आयोग का गठन हुआ, उसी यादव समाज को इस आयोग से दूर रखा गया। इससे समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। यादव समाज ने इस आयोग को भंग करने व मंत्रिमंडल, नगर निगम में भी यादव समाज को उचित स्थान दिलाने की मांग की है। इसी सिलसिले में 10 जुलाई को छत्तीसगढ़ यादव समाज मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगा। बैठक में सर्वसम्मति से संयोजक के रूप में फुलबासन यादव, उप संयोजक के रूप में गुलेन्द्र यादव को नियुक्त किया गया।

### राजनीतिक दलों द्वारा समाज की उपेक्षा पर आक्रोश

- पद्म विभूषण फूलबासन यादव के नेतृत्व में सर्व यादव समाज का आंदोलन



### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक मे प्रमुख रूप से पद्म विभूषण फुलबासन यादव, छत्तीसगढ़ यादव ठेठवार समाज प्रदेश अध्यक्ष गुलेन्द्र यादव ,रायपुर नगर निगम के पूर्व जोन अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, छत्तीसगढ़ अखिल भारतीय यादव समाज प्रदेश अध्यक्ष माधव यादव, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी यादव ,पाटन राज संरक्षक खेमराज यादव , पिंटा यादव प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव,उमाशंकर यादव ,रामा यादव प्रदेश कार्यालय सचिव खेम सिंह यादव प्रदेश सचिव विजय यादव, प्रदेश संगठन मंत्री दशरथ यादव अशोक यादव, तेजेश यादव, प्रदेश प्रचार प्रसार मंत्री लव कुमार यादव, ठाकुर राम यादव, पीलू राम यादव, प्रदेश प्रवक्ता रोम शंकर यादव,रायपुर राज अध्यक्षसंतोष यादव, पाटन राज अध्यक्ष ईश्वर यादव ,दुर्ग राज अध्यक्ष राजकुमार यादव, छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज प्रदेश सचिव राजेश यादव छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष राकेश यादव, प्रदेश सह सचिव मनीराम यादव अमृत लाल यादव खड़क राम यादव सहित बड़ी संख्या मे यादव समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## जल विभाग की समीक्षा बैठक में उठे सवाल

# बोर खनन और पाइप लाइन बिछाने के बाद भी कम क्यों नहीं हो रहे टैंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में 50 से अधिक स्थानों पर नए बोरवेल खनन और नई पाइप लाइन बिछाने के बाद भी राजधानी में पानी टैंकर की संख्या में कमी क्यों नहीं आ रही है? जल विभाग के प्रभारी अपर आयुक्त कृष्णा खटिक और अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े ने समीक्षा बैठक में जल विभाग के सब इंजीनियर और इंजीनयर से इस आशय के सवाल किये।

अधिकारी द्वय ने बैठक में मौजूद दस जोन के विभागीय अधिकारी कर्मचारियों से पूछा शहरभर में सिटी डेवलपमेंट प्लान के तहत पाइप लाइन के प्रस्ताव को आप किस रूप में देखते हैं? महात्मा गांधी सदन के सभागार में सोमवार को प्रभारी अपर आयुक्त कृष्णा खटिक एवं अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े ने सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता बद्री चंद्राकर, कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेन्द्र की उपस्थिति में सभी जोन के जल विभाग सहायक अभियंता और उप अभियंताओं की बैठक ली। इस दौरान जल कार्य विभाग की समीक्षा करते हुए कहा गया कि जोनवार पाइप लाइन बिछाने से पहले गहन सर्वे कर सुनिश्चित किया जाये कि कहां-कहां और कितनी लंबी पाइप लाइन बिछाई जा रही है, इसका फायदा किस क्षेत्र के रहवासियों को मिलेगा। इस बात की लिखित में जानकारी देनी होगी। प्रभारी अपर आयुक्त ने जल विभाग के अभियंताओं को निर्देशित किया कि नालियों के भीतर गई पाइप लाइनों को तत्काल सुरक्षित रूप से शिफ्ट करें। इसके साथ ही जोन की टीमें जहां भी पाइप लाइन लीकेज मिले, उन्हें प्राथमिकता के साथ तत्काल सुधारने का कार्य करवायें। जल विभाग के प्रभारी आयुक्त कृष्णा खटिक ने नगर निगम क्षेत्र में स्थित पावरपंपों ओर हैंडपंपों को कीटाणु रहित करने 3 चरणों में कार्य जल्द पूरा करने निर्देश दिये। साथ ही वर्तमान में शहर में चल रहे पेयजल टैंकरों की जोनवार जानकारी ली। इस वर्ष नलकूप खनन कार्य करवाने के बाद संबंधित क्षेत्र में नागरिकों को पेयजल की समस्या दूर करने में कितना सहयोग मिला इसकी प्रामाणिक और सत्यापित जानकारी देने निर्देश दिए।

- प्रभारी अपर आयुक्त ने पूछा 50 जगह नए बोर से किस क्षेत्र में मिली राहत
- गहन सर्वे के बाद ही पाइप लाइन बिछाने की हिदायत, लिखित में मांगी जानकारी



### पीएम आवास में हो पानी का प्रावधान

जल वितरण की समीक्षा बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े और प्रभारी अपर आयुक्त कृष्णा खटिक ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासीय परिसर में सिर्फ बोरवेल से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था रहती है, यहां पाइप लाइन के जरिये पेयजल का प्रावधान होना चाहिए। लभांडी, कचना के पीएम आवासीय परिसर में इस पर विशेष ध्यान दिया जाये। इसके साथ ही जोन में बिछाई जा रही डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइन को पानी टंकी से कनेक्ट कर जल आपूर्ति जल्द शुरू करने निर्देश दिये गये।

# अवैध संबंध के चलते मां-बेटे की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/भिलाई

राजधानी के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र से गुम महिला तथा उसके 8 साल की बेटे की अमलेश्वर थाना क्षेत्र के अलग-अलग कुंए में लाश मिली है। दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने मामले का खुलासा करते हुए हत्या का कारण अवैध संबंध बताया है। महिला तथा उसके बेटे की लाश खम्हरिया में दो अलग-अलग किसान की बाड़ी में मिली थी। लाश के बारे में किसी को जानकारी न हो पाए, इसके लिए महिला की लाश को साड़ी में लिपटकर पत्थर बांधकर कुंए में फेंका गया। बेटे की लाश को बोरी में भरकर पत्थर बांधकर कुंए में फेंका गया था। एसएसपी विजय अग्रवाल ने खुलासा करते हुए बताया है कि कुंए में मिली महिला की लाश की पहचान रायपुर निवासी सुनीता चतुर्वेदी उर्फ पल्लवी तथा बेटे काव्यांश के रूप में हुई है। मां-बेटे की हत्या के आरोप में पुलिस ने क्षत्रपाल सिंगौर तथा उसके चचेरे भाई शुभम को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार क्षत्रपाल का सुनीता के साथ अवैध संबंध था। दोनों की पहचान इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई थी। महिला ने अपने आपको विधवा होना तथा एक बेटे की मां होने की जानकारी क्षत्रपाल को दी थी। इंस्टाग्राम के माध्यम से क्षत्रपाल तथा सुनीता का प्यार हुआ। क्षत्रपाल ने महिला को शादी करने का झांसा देकर उसके साथ अवैध संबंध बनाया।



- महिला तथा उसके बेटे की लाश खम्हरिया में दो अलग-अलग किसान की बाड़ी में मिली थी
- महिला की लाश बोरी में भरकर फेंकी थी

### शादी करने दबाव बनाने पर की हत्या

क्षत्रपाल को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने पुलिस को बताया कि महिला उस पर लगातार शादी करने का दबाव बना रही थी। इस दौरान क्षत्रपाल का किसी दूसरी लड़की के साथ विवाह हो गया। इसके बाद भी सुनीता क्षत्रपाल पर शादी करने का दबाव बना रही थी। इस बात से परेशान होकर क्षत्रपाल ने महिला की हत्या करने अपने चचेरे भाई की मदद ली। रविवार को क्षत्रपाल ने महिला को मिलने के लिए महादेव घाट बुलाया और अपने साथ खम्हारिया ले जाकर दोनों की गला घोंटकर हत्या करने के बाद लाश में पत्थर बांधकर कुंए में फेंक दिया।

## बिजनेस साइट

### बालको मेडिकल सेंटर का 'कैनवस फॉर ए लाइफ' कार्यक्रम संपन्न



**रायपुर।** बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी), रायपुर द्वारा एक अनूठी पहल के तहत 'कैनवस फॉर ए लाइफ' नामक कला प्रदर्शनी और फंड रेजिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रेरणादायक आयोजन का शुभारंभ आईजी अमरेश मिश्रा, एसएसपी लाल उम्मेद सिंह एवं बालको मेडिकल सेंटर की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. भावना सिरोही द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डॉ. भावना सिरोही ने कहा, कैनवस फॉर अ लाइफ' केवल एक कला प्रदर्शनी नहीं है, यह एक उम्मीद की किरण है। प्रत्येक रेखा, रंग और रूपरेखा किसी न किसी कैंसर मरीज की जिंदगी में सहारा बनती है। हमारा संकल्प है कि इलाज पैसों की कमी से रुकना नहीं चाहिए।

### ई. सत्य फणि कुमार ने एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक का कार्यभार संभाला



**रायपुर।** एनटीपीसी नवा रायपुर में ई. सत्य फणि कुमार ने पश्चिमी क्षेत्र-II के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। इस पदभार से पूर्व वे एनटीपीसी विंध्याचल (मध्य प्रदेश) में कार्यकारी निदेशक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। फणि कुमार ने आंध्र विश्वविद्यालय, विशाखापट्टनम से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेली कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की है। उन्होंने वर्ष 1989 में एक्जीक्यूटिव ट्रेनी के रूप में एनटीपीसी में अपनी सेवा यात्रा की शुरुआत की थी। बाद में उन्होंने इग्नू से मानव संसाधन प्रबंधन में एमबीए भी किया। एनटीपीसी विंध्याचल जैसे भारत के सबसे बड़े ताप विद्युत संयंत्र (4760 मेगावाट) का सफल नेतृत्व करना उनके कॅरियर की एक बड़ी उपलब्धि रही है।

### बैंक ऑफ इंडिया का मानसून समझौता 27 जून तक

**रायपुर।** बैंक ऑफ इंडिया की ओर से एनपीए खाता धारकों के लिए 27 जून तक मानसून समझौता का आयोजन किया जा रहा है। बैंक का कहना है कि इस दौरान एनपीए खाताधारक आकर्षक छूट के साथ एकमुश्त समझौते का लाभ उठा सकते हैं। यह समझौता विशेष रूप से उन एनपीए खाताधारकों के लिए आयोजित किया गया है, जो व्यवसाय, चिकित्सा या किसी अन्य वास्तविक कारण से समय पर अपना ऋण नहीं चुका सके हैं।

BOI Relationship beyond banking

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक रायपुर में योगाभ्यास



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर में योग का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस विशेष अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग की अनुभवी योग प्रशिक्षक हिमानी एवं रोशन जी के दिशा निर्देशन में बैंक के सेवायुक्तों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक कमलेश कुंदन, वरिष्ठ प्रबंधक श्री गोयल, चेतन पटेल, प्रभुलिंगप्पा बेदी, सुनील शर्मा सहित क्षेत्रीय कार्यालय एवं शाखाओं के अन्य सेवायुक्त भी मौजूद रहे।

### होली हार्ट्स स्कूल में छात्रों ने योगाभ्यास से दिखाया उत्साह



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में होली हार्ट्स स्कूल, कबीर नगर में एक भव्य और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्रों ने विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन कर न केवल अपनी शारीरिक क्षमता का परिचय दिया, बल्कि योग के प्रति अपनी जागरूकता और रुचि को भी दर्शाया।

### जीतो रायपुर चैप्टर का 'हेल्थ एंड हार्मनी' कार्यक्रम



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जीतो रायपुर चैप्टर ने जितो लेडिज विंग के सहयोग से 'हेल्थ एंड हार्मनी–योग और जीवनशैली के रहस्य' शीर्षक से एक विशेष स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में शहरभर से 50 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग और स्वस्थ जीवनशैली पर केंद्रित इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उरला डेयरी परिसर में योगाभ्यास



**रायपुर।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित द्वारा अपने मुख्य संयंत्र, उरला डेयरी परिसर में योग कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस विशेष अवसर पर डॉ. केके ध्रुव, अपर संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं, छत्तीसगढ़, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत केएल श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सामूहिक योगाभ्यास से हुई, जिसमें प्रबंध संचालक डॉ. सैकत सामंत सहित दुग्ध महासंघ के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

### उपरवारा में ब्रह्माकुमारी बहनों ने कराया योगाभ्यास, दी राजयोग की प्रेरणा



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्राम उपरवारा में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केंद्र में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का संचालन ब्रह्माकुमारी संस्थान की वरिष्ठ दीदियों बीके सविता, रामेश्वरी और देवकी द्वारा किया गया।

# जोन 2 दफ्तर के सामने जल संकट के विरोध में मटका फोड़ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



शहीद हेमूकालाणी वार्ड की गंगानगर और दुर्गानगर बस्ती में जलसंकट को लेकर रहवासियों ने सोमवार को जोन 2 दफ्तर जाकर मटको फोड़ प्रदर्शन किया। पलाश मल्होत्रा के नेतृत्व में जोन कमिश्नर को पेयजल संकट से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा गया। नागरिकों का कहना है कि पानी की समस्या से निगम के अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। बारिश के सीजन में पीने के पानी के लिए उन्हें भटकना पड़ रहा है। इसी तरह वार्ड में सफाई की लचर व्यवस्था के खिलाफ जोन दफ्तर के सामने जमकर प्रदर्शन किया।

नगर निगम जोन 2 क्षेत्र स्थित गंगानगर और दुर्गानगर में पेयजल संकट की समस्या से रहवासी त्रस्त हैं। सोमवार को रायपुर उत्तर विधानसभा अध्यक्ष पलाश मल्होत्रा के नेतृत्व में शहीद हेमूकालाणी वार्ड में पेयजल संकट और सफाई की लचर व्यवस्था का विरोध करने प्रभावित रहवासी फाफाडीह स्थित जोन 2 दफ्तर पहुंचे। जोन कार्यालय के सामने पहले उन्होंने मटका फोड़ प्रदर्शन कर निगम के अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया। बाद जोन कमिश्नर के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वार्ड में सफाई कार्य के लिए 38 सफाई कर्मचारियों का ठेका हुआ है पर अनुबंधित ठेकेदार निर्धारित संख्या से कम कर्मचारी रखकर सफाई में कोताही बरत रहा है। जोन कमिश्नर को इस बारे में अवगत कराया था, पर उन्होंने ध्यान नहीं दिया। इसके चलते वार्ड की सफाई व्यवस्था लचर बनी हुई है।

ज्ञापन सौंपने वालों में युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव आसिफ खान, जिला सचिव रफीक शेख, आनंद सोना, विधानसभा महासचिव अनीस खान, लखन सागर, दादू निषाद, आयुष, हिमांशु दीवान सहित अन्य नागरिक शामिल रहे।

- शहीद हेमू कालाणी वार्ड के गंगानगर, दुर्गानगर में पेयजल की समस्या
- सफाई की बदहाल व्यवस्था सुधारने जोन कमिश्नर के नाम ज्ञापन सौंपा

### इन बिंदुओं पर सौंपा ज्ञापन

- पेयजल समस्या का शीघ्र समाधान किया जाये
- सफाई कर्मचारियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित हो
- लापरवाह अधिकारियों और ठेकेदार पर कार्रवाई हो
- क्षेत्र में नियमित निरीक्षण की व्यवस्था बनाई जाये।

### वार्ड पार्षद का व्यू

सफाई व्यवस्था में कोताही को लेकर जोन कमिश्नर से कहा है सफाई ठेका बदल दिया जाये और सफाई कर्मचारियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित हो। पानी की समस्या दूर करने गंगानगर में पाइप लाइन बिछाने का प्रस्ताव भेजा गया था। स्वीकृति मिलने के बाद पाइप लाइन बिछाने का काम चल रहा है।
- **कृतिका जैन**, पार्षद, शहीद हेमू कालाणी वार्ड

### प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ यादव शासकीय सेवा समिति ने समाज के 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक से उत्तीर्ण प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। साथ ही खेल प्रतिभा व रंगोली कलाकार को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पद्मश्री फूलबासन यादव ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं और अपने 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन के अनुभवों, अभावों व संघर्षों को याद करते हुए कहा कि वे मश्किल से 5वीं तक पढ़ाई कर पाईं। गांव में बकरी चराया करती थीं। उन्होंने गांव की महिलाओं को संगठित किया। उन्होंने कहा, हमें डर को हथियार, अज्ञानता को ढाल, गरीबी को तलवार और समाज की कुरीतियों को ढाल बनाकर लड़ना चाहिए, जिससे महिलाएं ताकतवर बन सकें। प्रतिभा सम्मान समारोह को मैट्स यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर केपी यादव, विधि महाविद्यालय की प्रिंसिपल सुशीला यादव, गणेश गौसेवक, माधव यादव, कमल यादव, राजेश यादव ने संबोधित किया और बच्चों को मार्गदर्शन दिया।

### सिंधु भवन में नंबर प्लेट शिविर आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं रायपुर परिवहन विभाग के सहयोग से एचएसआरपी नंबर प्लेट के लिए शिविर का आयोजन मंगलवार को देवेंद्र नगर स्थित सिंधु भवन में किया जा रहा है। व्यापारियों और शहर के आम नागरिकों के लिए यह शिविर प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा।

शिविर में 1 अप्रैल 2019 के पहले के वाहनों में नए नंबर प्लेट लगाये जाएंगे। केवल सीजी 04 की गाड़ियों के लिए ही एचएसआरपी नंबर प्लेट का पंजीयन होगा। गाड़ी की ओरिजल आरसी बुक और आधारकार्ड लेकर आना होगा साथ ही इसकी एक-एक फोटो कापी भी शिविर स्थल पर लेकर आना होगा।

# जालसाज केके श्रीवास्तव मामले में ईडी, ईओडब्लू पुलिस की संयुक्त टीम पूछताछ कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- केके श्रीवास्तव के बैंक खातों के साथ उसके जमीन खरीदी-बिक्री की जांच

दिल्ली की कंपनी को स्मार्ट सिटी का पांच सौ करोड़ रुपए का काम दिलाने का झांसा देकर 15 करोड़ रुपए ठगी के आरोपी केके श्रीवास्तव तथा उसके बेटे के बैंक अकाउंट सहित जमीन खरीदी-बिक्री की जांच की जा रही है। ईओडब्लू की टीम ने केके श्रीवास्तव तथा उसके बेटे को रविवार को भोपाल के एक होटल से गिरफ्तार किया था। केके श्रीवास्तव से पुलिस के साथ ईओडब्लू तथा ईडी की संयुक्त टीम द्वारा पूछताछ किए जाने की जानकारी सूत्रों ने दी है। ईडी कार्यालय में सोमवार को केके श्रीवास्तव को लाने को लेकर दिन भर हलचल रही। सूत्रों के मुताबिक केके श्रीवास्तव के खिलाफ मनी लांड्रिंग के साथ हवाला के माध्यम से नेताओं के पैसे ठिकाने लगाने के साक्ष्य जांच एजेंसियों के हाथ लगे हैं। सूत्रों के मुताबिक केके श्रीवास्तव को ईओडब्लू कोर्ट से रिमांड हासिल कर पूछताछ करेगी। इसके बाद ईडी तथा पुलिस की टीम केके और उसके बेटे का कोर्ट से रिमांड हासिल कर पूछताछ करेगी।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

online Booking:-www.tripuryatra.com




25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (8 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),

राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार 24 जून 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02


शहर के स्कूली विद्यार्थी कॅरियर को ....

## सिटी इवेंट

### ट्रांसजेंडर मॉडल्स ने बिखेरे फैशन के जलवे 60 यूनिक डिजाइनिंग ड्रेसेस ने खींचा ध्यान



**रायपुर।** सेंट्रल इंडिया सीजन-3 फैशन शो में फैशन के कई रंग देखने को मिले। फैशन के रंग और रैंप का अद्भुत संगम देखने को मिला। आयोजन स्थल सिब्बल ग्रीन फार्म में प्रदेशभर से आए मिस, मिसेज, मिस्टर, किड्स और ट्रांसजेंडर केटेगरी के प्रतिभागियों ने जब रैंप पर कदम रखा तो दर्शकों की तालियों की गूंज से माहौल जीवंत हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत फैशन शो के फाइनल राउंड से हुई, जिसमें प्रदेश के 8 शहरों जगदलपुर, दुर्ग, भिलाई, अंबिकापुर, राजनांदगांव, कांकेर, कोरबा और मनेंद्रगढ़ से चुने गए 68 फाइनलिस्ट ने हिस्सा लिया। इससे पहले इन शहरों में करीब 200 से 300 प्रतिभागियों का ऑडिशन हुआ था। रैंप पर पेश की गई ड्रेस डिजाइन आकर्षण का केंद्र रहा। फैशन डिजाइनर्स ओरम, स्वीटी, आदिल खान, आक्षा राजपूत और मिनाज खान द्वारा तैयार 60 यूनिक ड्रेस डिजाइन्स को प्रतिभागियों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ कैटवॉक कर प्रस्तुत किया। शो में रायपुर और भिलाई से आए 8 ट्रांसजेंडर मॉडल्स ने कार्यक्रम में भाग लेकर सभी का दिल जीत लिया। सेंट्रल इंडिया ट्रांसजेंडर केटेगरी में रोजी ने फर्स्ट रनरअप का खिताब अपने नाम किया।



#### मिसेज विनर रूवल का बुके लुक ऑउटफिट

रैंप वॉक करते हुए मिसेज सेंट्रल इंडिया विनर रूवल साहू ने ऑडियंस का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया, जिसने रैपिंग पेपर, रिबन और गुलाब के फूल से तैयार बुके लुक ऑउटफिट कैरी किया। रैंप वॉक के दौरान रूवल ने कॉन्फिडेंस के साथ वॉक किया और अपने टैलेंट से फर्स्ट प्राइज अपने नाम किया। फैरी लुक ऑउटफिट में मिस केटेगरी की विनर अलीशा मोटवानी फैशन शो के दौरान सभी से अलग नजर आईं, जिसने गोल्डन टॉप और ब्लैक शॉट्स के साथ ऑउटफिट कैरी किया। अलीशा ने रैंप वॉक शुरू करते ही अपने फैरी को शॉ करते वॉक किया, जिसे लाइटिंग की मदद से अनोखे अंदाज में तैयार किया गया था। रैंप वॉक के दौरान मॉडल का कांफिडेंस लेवल उन्हें अन्य प्रतिभागियों से अलग बनाया।

## लाइव इवेंट

### ओपन स्कूल की हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी परीक्षाएं 18 अगस्त से, टाइम टेबल जारी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर द्वारा अगस्त-सितंबर 2025 सत्र की हाईस्कूल और हायर सेकंडरी ओपन परीक्षाओं की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। जारी आदेश के अनुसार, परीक्षा 18 अगस्त 2025 से शुरू होकर 3 सितंबर 2025 तक आयोजित की जाएगी। हायर सेकंडरी (12वीं) की परीक्षाएं 18 अगस्त से 3 सितम्बर तक और हाईस्कूल (10वीं) की परीक्षाएं 18 अगस्त से 1 सितंबर 2025 तक संपन्न होंगी। परीक्षाएं प्रातः 8.30 बजे से 11.45 बजे तक आयोजित की जाएंगी। राज्य ओपन स्कूल ने छात्रों को सलाह दी है कि वे परीक्षा की समय-सारिणी की जानकारी अपने समीपस्थ अध्ययन केंद्र से संपर्क कर प्राप्त करें अथवा छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल की आधिकारिक वेबसाइट www.sos.cg.nic.in से डाउनलोड कर लें।

#### शासकीय पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए द्वितीय चरण की काउंसिलिंग 26 जून से

शासकीय पॉलिटेक्निक गरियाबंद में संचालित पाठ्यक्रम सिविल इंजीनियरिंग, एवं माइनिंग इंजीनियरिंग तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग गरियाबंद में प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष (लेटरल एन्ट्री) में प्रवेश के लिए तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा काउंसिलिंग प्रक्रिया का द्वितीय चरण 26 जून से प्रारंभ हो रही है। पॉलिटेक्निक के प्राचार्य ने बताया कि काउंसिलिंग का द्वितीय चरण 26 जून 2025 से प्रारंभ होगी। प्रवेश ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से ही होगा। काउंसिलिंग हेतु वेबसाइट **www.cgdteraipur.cgstate.gov.in** एवं **https://cgdte.admission.nic.in** का अवलोकन कर सकते हैं। उक्त पाठ्यक्रमों में 26 जून से 29 जून तक प्रातः 10 बजे से रात्रि 11.59 बजे तक प्रवेश काउंसिलिंग के द्वितीय चरण की तिथियां निर्धारित की गई हैं, जिसमें सीटों का आवंटन 4 जुलाई को अपराह्न 4 बजे तक किया जाएगा। प्रवेश 5 जुलाई से 8 जुलाई 2025 तक प्रातः 10 बजे से सायं 5.30 बजे तक किया जाएगा।

● कॉलेज, ऑफिस जाने इम्पोर्टेड हैंड स्लिंग बैग, आई थीम फंकी कॉलेज बैग, पार्टी वियर एनवलप, क्लच एवं शोल्डर बैग से चार चांद लगा रहीं

# गर्ल्स में स्टाइलिश लुक पाने फैशन का नया ट्रेंड, ड्रेस मेचिंग के साथ वाटरप्रूफ कोरियन हैंड प्लस स्लिंग बैग-पर्स कर रहीं कैरी

**मौसम बदलने व कॉलेज का नया सत्र प्रारंभ होने का असर सिटी गर्ल्स की फैशन स्टाइल पर दिखने लगा है। कुर्ती पैंट, जींस टॉप, शार्ट कुर्ती, शरारा, डेनिम से लेकर बॉडीकॉन ड्रेस, फंकी, फॉर्मल, कैजुअल, ऑफिस पार्टी वाले कपड़ों के साथ कैरी कर रही हैं। हैंडबैग हर गर्ल्स की सिर्फ जरूरत ही नहीं, बल्कि यह एक फैशन का प्रमुख हिस्सा है, जिसे गर्ल्स अपने लुक को आकर्षक बनाने के लिए भी हाथ में लेकर चलती हैं।**

**रायपुर।** अब कामकाजी महिलाओं के अलावा कॉलेज जाने वाली युवतियों को भी अच्छे हैंडबैग्स व पर्स अपने पास चाहिए। सिटी के अलग-अलग फैशन कलेक्शन शॉप में विविध प्रकार और डिजाइन वाले हैंड बैग्स के कलेक्शन आए हुए हैं, जहां से अपनी कंफर्ट, लुक, ड्रेस मैचिंग के हिसाब से सही विकल्प गर्ल्स चुन रही हैं। कॉलेज जाने के लिए खास कॉलेज बैग और ड्रेस के साथ इम्पोर्टेड हैंड स्लिंग बैग, आई थीम फंकी कॉलेज बैग, पार्टी वियर एनवलप, क्लच एवं शोल्डर बैग से चार चांद लगा रही हैं। गर्ल्स फैशन वियर के साथ बैग्स की अनेक वैरायटीज को स्टाइल वॉल्ट में शामिल कर रही हैं। एक से बढ़कर एक कलर व डिजाइन वाला स्लिंग बैग्स गर्ल्स की पहली पसंद बनी हुई है, जिसे फंकी, फॉर्मल, कैजुअल, ऑफिस पार्टी वाले कपड़ों के साथ कैरी कर रही हैं। स्लिंग बैग दो तरह की स्ट्रैप के साथ आ रहा है, एक तो शोल्डर बैग जैसी छोटी स्ट्रैप और दूसरी लंबी स्ट्रैप, जिसकी मदद से इसे साइड से या फिर क्रॉस करके भी पहना जा सकता है। यह ब्राउन और ब्लैक रंग में मिल रहा है, जो हर रंग के कपड़ों के साथ जंच सकता है।





#### इन बैग की डिमांड सबसे अधिक

सैचेल बैग, स्लिंग, पार्टी वियर इनवलप बैग, क्लच बैग, हैंड प्लस, इपोर्टेड कोरियन स्लिंग बैग खास हैं, जो कि ग्रीन, मिंट, ग्रे और पिंक जैसे आकर्षक फंकी रंगों में पसंद किए जा रहे हैं। यह शानदार टेक्सचर वाला बैग है, जो कि डिजाइन के मामले में भी अच्छा है। बैग विक्रेताओं का कहना है कि यह बढ़िया फॉक्स लेदर से बना है, जो कि लंबे समय तक खराब नहीं होगा। लेडीज के लिए स्टाइलिश इस पर्स को आप कैजुअल से लेकर दोस्तों के साथ घूमने जाने के लिए उपयोग कर पाएंगे। इस प्रकार फैशन के साथ-साथ सहूलियत के हिसाब से भी यह सारे बैग उपयोगी साबित हो रहे हैं। इसकी साइज के हिसाब से इसमें बुक्स, लंच, मेकअप किट या फिर पानी बॉटल जैसा सामान आसानी से कैरी कर पा रहे हैं। स्लिंग बैग कंधे पर लटकाया जाता है, जो कि साइज में छोटा ही होता है। इनमें एक छोटी और एक बड़ी दो तरह की स्ट्रैप मिलती है, जो अपने आराम के हिसाब से आप स्लिंग बैग को साइड से या फिर क्रॉस करके पहन सकती हैं।

#### कलर कॉम्बिनेशन के साथ डिफरेंट रेंज में उपलब्ध



शहर के मालवीय रोड स्थित बैग फैशन हाउस के जतिन ने बताया कि बैग हाउस में मानसून सीजन और कॉलेज सत्र को ध्यान में रखते हुए कलर कॉम्बिनेशन के साथ बैग की विविध स्टाइल में राज्य के बाहर से ब्रांडेड गर्ल्स बैग मंगाए गए हैं। शोरूम में 900 से लेकर 5 हजार रुपए तक की रेंज में हैंड प्लस बैग, स्लिंग बैग, पॉकेट पर्स, कॉलेज, ऑफिस जाने वाटरप्रूफ शोल्डर बैग, इनवलप, क्लच बैग उपलब्ध हैं। इस तरह सिटी में एक से बढ़कर एक स्टाइल व कंफर्ट स्लिंग बैग कैरी कर रहे हैं।

#### कैरी करने में कंफर्ट शोल्डर और ऑफिस बैग

ऑफिस, घूमने के दौरान या फिर रोजाना कॉलेज जाने के लिए स्टाइलिश ऑफिस बैग गर्ल्स की पहली पसंद बन गया है, जो कि आकर्षक डिजाइन और रंगों में उपलब्ध है। बैग में दो पॉकेट दिए गए हैं, जिसमें छोटा सामान रखा जा सकता है। वैसे इस बैग में कम स्क्रीन साइज वाला लैपटॉप या टैबलेट भी आसानी से कैरी कर सकते हैं। यह बैग पूरी तरह से वाटरप्रूफ है, यह पानी पड़ने से खराब नहीं होगा। यह पॉलिस्टर से बना हुआ बैग है, जो सामान रखने की जरूरत को पूरा करने के साथ स्टाइलिश लुक भी देता है।

## विद्यार्थी-शिक्षकों और संस्कृत प्रेमियों को 4 दिन एक्सपर्ट देंगे निशुल्क प्रशिक्षण

**रायपुर।** संस्कृत प्रेमियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को धाराप्रवाह कंठे-कंठे संस्कृतम को बढ़ावा देने के लिए संस्कृत भारती संगठन द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में निशुल्क प्रशिक्षण क्लास शुरू की गई। रायपुर में चार स्थानों पर संस्कृत संभाषण शिक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जहां प्रतिदिन एक्सपर्ट दो घंटे निशुल्क संस्कृत सिखा रहे हैं। प्रांत मंत्री डॉ. दादूभाई त्रिपाठी एवं रायपुर महानगर प्रचार प्रमुख पं. चंद्रभूषण शुक्ला ने बताया कि अपने काम, परिवार और नौकरी के चलते आवासीय शिविर में हर कोई जाकर 10 दिन रहकर भाग नहीं ले पाता है, इसलिए संस्कृत भारती संगठन द्वारा यह पहल की जा रही है, ताकि कामकाजी और नौकरीपेशा लोग ही नहीं, बल्कि शिक्षक-शिक्षिकाएं भी प्रतिदिन दो घंटे की क्लास का हिस्सा बन सकते हैं।



**निशुल्क सिखा रहे हैं संस्कृत संभाषण :** यह संस्कृत शिक्षा रायपुर में चार जगह आयोजित है। इनमें शिवोम विद्यापीठ रायपुरा में प्रवीण झाड़ी, सांई मंदिर रोहिणीपुरम में डॉ. दिव्या देशपाण्डे, ओम गुरुकुलम गुढ़ियारी में डॉ. बहुरण सिंह पटेल और शिवोम विद्यापीठ स्कूल सांकरा में हेमंत साहू निशुल्क संस्कृत संभाषण सिखा रहे हैं।

#### कॅरियर बनाने संस्कृत अच्छा विकल्प

*संस्कृत भारती के प्रांत अध्यक्ष डॉ. सतेंद्र सिंह सेंगर, डॉ. वैभव कान्हे, नरेंद्र साहू, जैनेंद्र दीवान, पारस साहू, राजेश राजपूत, डॉ. आकांक्षा विश्वकर्मा, डालेश्वरी साहू आदि शिविर में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि संस्कृत उपयोगी और जीवन को संवारने वाली भाषा है। युवाओं को इस दिशा में ध्यान देना चाहिए, क्योंकि संस्कृत में कॅरियर के लिए कई विकल्प हैं। अभी इस विषय पर प्रतियोगी कम मिलते हैं। संस्कृत ही एक ऐसा विषय है, जिससे समृद्धि एवं संस्कार दोनों प्राप्त होते हैं। कॅरियर बनाने के लिए संस्कृत एक अच्छा विषय है।*

## नवनिर्वाचित गवर्नर रोटे. जायसवाल का शपथ ग्रहण 1 जुलाई को होगा





**रायपुर।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश एवं ओडिशा के नवनिर्वाचित डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अमित जायसवाल व मनोनीत पदाधिकारियों का शपथग्रहण समारोह अक्षय आगामी मंगलवार 1 जुलाई 2025 को रात्रि 8.30 बजे से होटल बेबीलॉन कैपिटल में आयोजित किया जाएगा। इस गरिमामय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रोटरी इंटरनेशनल के डायरेक्टर रोटेरियन मुरुगएनाणम एम. (एमएमएम) विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। आयोजन का संचालन रोटरी क्लब धमतरी के तत्वावधान में किया जा रहा है तथा संपूर्ण कार्यक्रम डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे. अमित जायसवाल के नेतृत्व में संपन्न होगा। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और ओडिशा के कई सक्रिय क्लब शामिल हैं, जो सेवा, नेतृत्व और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में कार्यरत हैं। कार्यक्रम में जिलेभर से रोटरी सदस्य, नागरिक एवं अतिथि बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

**मुख्य अतिथि होंगे रोटरी इंटरनेशनल के डायरेक्टर रोटे. मुरुगएनाणम एम.**

नर्सरी में बारिश में रोपे जाने वाले पौधों की दी जा रही जानकारी

कार्नर न्यूज

# बारिश में कम रोशनी में जीवित रहने वाले पौधों की बढ़ी मांग, विदेशी इंडोर प्लांट पहली पसंद

**रायपुर।** बारिश के चलते घरों में रखे जाने वाले इंडोर प्लांट को लेकर विशेष सावधानी बरती जा रही है। बारिश के मुताबिक नर्सरी में सीजनल पौधों की मांग बढ़ गई है। नर्सरी में बारिश का अहसास देने वाले पौधों की नई वैरायटी आई हुई है, जिसे घर व किचन गार्डन के लिए बड़ी संख्या में लोग खरीद रहे हैं। नर्सरी में इन दिनों इंडोर प्लांट की मांग बढ़ी है। हालांकि गर्मी के बाद बारिश में प्रतिवर्ष पौधों की मांग बढ़ जाती है, लेकिन इस बार आउटडोर के साथ-साथ इंडोर प्लांट की भी खरीदी बड़ी मात्रा में हो रही है।

लोग घर की छत, बाल्कनी और दरवाजों के लिए इंडोर प्लांट खरीदने नर्सरी पहुंच रहे हैं। ज्यादातर व्यक्ति घर के अंदर ऐसा पौधा रखना चाहते हैं, जो न केवल घर को आकर्षक लुक दे, बल्कि वातावरण को सकारात्मक रखे। इसके लिए लोग सिरेमिक पॉट और सेल्फ-वॉटरिंग पॉट समेत कम रोशनी में जीवित रहने की क्षमता के कारण मनी प्लांट सर्वाधिक खरीदने लगे हैं। इसकी कीमत नर्सरी में 100 से 150 तक है। इसके अलावा बारिश में कॉसमॉस, जीनिया, गेंदा और सूरजमुखी के पौधे की बिक्री अधिक है।



#### हरियाली के लिए बारहमासी फूल

वीआईपी रोड स्थित एक नर्सरी के कैलाश नायक का कहना है कि बारिश के मौसम सभी तरह के पौधे असानी से उग जाते हैं। घरों में हरियाली लाने के लिए लोग बारहमासी फूल के पौधे खरीद रहे हैं। इसके अलावा फूलों की मांग इन दिनों बढ़ गई है। नर्सरी में कुछ विदेशी फूल ऐसे भी हैं, जिन्हें बारिश के मौसम में लगाया जाता है। इसमें ठंड में पौधों पर फूल आने शुरू हो जाते हैं। नर्सरी में डायनथस, पेओनी, आईरिस, फॉक्सग्लोव और डे लिली के पौधे तथा बीज दोनों ही उपलब्ध हैं।

#### लिली और कोचिया के पौधे की मांग

शहर की नर्सरी बारिश में उगने वाले औषधीय गुणों वाले पौधों की मांग भी बढ़ गई है। मठपारा स्थित नर्सरी में इन दिनों लिली व कोचिया के पौधे लोग खरीद रहे हैं। ये पौधे खासकर बारिश में रोपे जाते हैं। इन पौधों को ज्यादा देखभाल की आवश्यकता नहीं होती है। आसानी से उग जाते हैं। ये भी इंडोर के लिए लोगों की पहली पसंद बने हुए हैं। नर्सरी में लोगों को बारिश में रोपे जाने वाले पौधों की जानकारी दी जा रही है। साथ ही देसी और विदेशी पौधों की देखभाल किस तरह से करनी चाहिए, यह भी बताया जा रहा है।

#### विशेष तरह की खाद

आउटडोर प्लांट के अलावा इंडोर प्लांट के लिए विशेष तरह की खाद मार्केट में आई हुई है। कई प्राकृतिक खाद ले जाना पसंद कर रहे हैं तो कई घर में ही खाद तैयार करने के टिप्स ले रहे हैं। नर्सरी के अलावा एग्रीकल्चर दुकानों पर भी मौसम के अनुसार खाद उपलब्ध है।

समाज लाइव

## स्टेशन रोड गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की बैठक में चर्चा, हुए कई निर्णय



**रायपुर।** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी स्टेशन रोड के सामान्य सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई एवं समाजहित के लिए अनेक प्रयास किए जाने के बारे में भी सदस्यों ने अपने सुझाव रखे। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह छाबड़ा ने यह प्रस्ताव रखा कि आगामी चुनाव में गुरुद्वारा समिति के समस्त सदस्य अगर अमृतधारी होंगे तो समाज में एक अच्छा संदेश जाएगा। इस विषय पर उपस्थित समस्त सदस्यों ने अलग-अलग अपने विचार रखे। सभी सदस्यों के विचार सुनने के बाद यह निर्णय लिया गया कि रायपुर गुरुद्वारा स्टेशन रोड छत्तीसगढ़ का सबसे प्राचीन गुरुद्वारा है। यहां से निकलने वाला संदेश पूरे छत्तीसगढ़ के गुरुघरों को प्रेरणा देता है। ऐसे में प्रबंधक कमेटी के सभी अमृतधारी सदस्य होंगे तो निश्चित रूप से पूरे प्रदेश में एक अच्छा संदेश जाएगा। वहीं नौजवान पीढ़ी है, उन्हें भी दशमेश पिताजी द्वारा बक्शी गई अमृत खंडे बाटे की दात के बारे में अपने गुरु से लगाव बढ़ेगा। इसके साथ ही समाज में जागरूकता भी आएगी। इस प्रस्ताव को सभी सदस्यों ने विभिन्न विचार रखने के बाद बहुमत से इस प्रस्ताव को पारित किया।

### सदस्य-पदाधिकारी नियमित सुबह दीवान में आएंगे

यह तय हो गया कि भविष्य में जब प्रबंधक कमेटी के नए अध्यक्ष का चयन होगा। समस्त सदस्य अमृतधारी होंगे एवं जिन सदस्यों ने अमृतपान नहीं किया है। वे भी इससे पूर्व होने वाले अमृत संचार कार्यक्रम में अमृतपान करके गुरु के सिख सज जाएं। उपस्थित समस्त सदस्यों का संस्था के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव सभी ने आभार व्यक्त किया। इस प्रस्ताव को पारित करने के लिए उपस्थित समस्त संगत का धन्यवाद दिया।

● कोर्स के साथ अब युवा लाइब्रेरी में खोज रहे हैं नीट-बैंकिंग, जेईई जैसी परीक्षाओं की किताबों में विकल्प

# शहर के स्कूली विद्यार्थी कॅरियर को लेकर सजग सिलेबस के साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में जुटे

‘नए दौर का युवा अब सब्जेक्ट चयन करने के साथ ही स्कूल की लाइब्रेरी में कोर्स की पढ़ाई के लिए तो पहुंचते ही हैं। इसके अलावा वे कॅरियर को लेकर भी काफी सजग हैं। इस लिहाज से वे स्कूली शिक्षा के साथ नीट, बैंकिंग, जेईई, ओलंपियाड, एनआईडी, एनआईटी, सैट जैसी प्रतियोगी परीक्षा की किताबें तलाश रहे हैं। भविष्य के लिए विद्यार्थी स्कूली कोर्स के साथ ही कॅरियर बनाने के लिए लाइब्रेरी में अब विकल्प खोज रहे हैं। इसे देखते हुए स्कूल प्रबंधन ने भी उनकी रुचि के लिहाज से किताबे संजोना शुरू किया हैं।’

### स्कूलों में छात्रों की काउंसिलिंग

विद्यार्थियों के कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षक काउंसिलिंग करते हैं, जिसमें छात्रों के मनपसंद कॅरियर को जानने का प्रयास किया जाता है। जिस क्षेत्र में छात्रों को रुचि है, उन्हें उससे संबंधित किताबों का रिफरेंस दिया जाता है। आदर्श स्कूल से प्रशिक्षक संतोष सामंत राय ने बताया कि स्कूल में दो हजार से अधिक किताबें उपलब्ध हैं। छात्रों की मांग पर एसएससी, फिजिक्स, कैमेस्ट्री, बैंकिंग, सीए परीक्षा की किताबें हैं। साथ ही सामान्य ज्ञान बढ़ाने रोजाना न्यूजपेपर, प्रतियोगी परीक्षा के टेस्ट बुक के प्रश्न बच्चे पढ़ना और हल करना पसंद करते हैं।

### स्कूल के बाद 2-3 घंटे लाइब्रेरी में समय बिता रहे

होली हार्ट्स स्कूल से डायरेक्टर अशुतोष सिंग ने बताया कि लाइब्रेरी में विद्यार्थी एनआईडी, एनआईटी, बैंकिंग, सैट, जेआरई, आरआरबी, आरबीआई, जेईई, नीट से संबंधित किताबें पढ़ना पसंद कर रहे। छात्र रोजाना स्कूल के बाद 2-3 घंटे लाइब्रेरी में समय बिता रहे, इस दौरान वे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करते हैं। छुट्टियों के दौरान वर्तमान छात्र, भूतपूर्व छात्र एवं परिजन लाइब्रेरी से किताबें ले जाते हैं। इससे कई छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा पास होने में मदद भी मिली है, जिससे वे अब आगे की पढ़ाई के लिए स्कूल में ही तैयारी कर रहे।

रायपुर। शहर के स्कूलों में इन दिनों विद्यार्थी कॅरियर बेस्ड एजूकेशन पर अधिक फोकस करने लगे हैं। वे प्रतियोगी परीक्षा नीट, बैंकिंग, जेईई, ओलंपियार्ड, एनआईडी, एनआईटी, सैट की तैयारी अब स्कूली शिक्षा के साथ करने लगे हैं। विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने के लिए स्कूल प्रबंधन भी विभिन्न प्रकार की किताबें मंगा रहे हैं। स्कूल का कोर्स पूरा करने के बाद भी अपना समय लाइब्रेरी में बिताना पसंद करने लगे हैं। हरिभूमि के बातचीत में स्कूल प्रबंधकों ने बताया कि छात्रों की मांग पर सभी सुविधाएं स्कूल में हैं। इन दिनों लाइब्रेरी को आधुनिकता के लिहाज से संवारने का काम किया जा रहा है, ताकि विद्यार्थी बेहतर भविष्य की तैयारी स्कूली शिक्षा के साथ ही कर सकें। इनमें 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्र सबसे ज्यादा कॉमर्स के स्टार्टअप की ओर अधिक फोकस कर रहे हैं।





### बिजनेस के न्यू आइडियाज की बुक पढ़ रहे

एनएच गोयल स्कूल से प्रशिक्षक एमएन सिंग ने बताया कि 30-40 हजार से अधिक किताबें स्कूल के पुस्तकालय में हैं, जिसमें बिजनेस से संबंधित किताबें छात्रों की पहली पसंद हैं। छात्र स्टार्टअप, इंटर्नशिप, बिजनेस शुरू करने के न्यू आइडिया, बड़े उद्योगपति से जीवन से संबंधित किताबें पढ़ना पसंद करते हैं। आधुनिकता से पूर्ण लाइब्रेरी में 400-500 विद्यार्थी साथ बैठकर पढ़ाई कर सकते हैं, जहां चेतन भगत, मोरल साइंस, नीट, बैंकिंग, मैग्जीन समेत अनेक विषयों से संबंधित किताबें शामिल हैं। हर साल किताबों की संख्या बढ़ती जा रही, जिससे 5-6 सालों में ही संख्या हजारों तक पहुंच गई है।



### विज्ञान ज्योति योजना में छात्राओं को महंगी किताबें निशुल्क

छात्राओं में कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नवोदय विद्यालय में विज्ञान ज्योति और पीएमश्री योजना क्रियान्वित है। विज्ञान ज्योति योजना के अंतर्गत 11-12वीं कक्षा की छात्राओं को निशुल्क 8-9 हजार की किताबें निशुल्क वितरित की जाती हैं, वहीं पीएमश्री योजना में छात्र-छात्राओं के लिए प्रतियोगी परीक्षा से संबंधित सभी प्रकार की किताबें मंगाई जाती हैं। प्रशिक्षक संतोष कुमार बिसेन ने बताया कि स्कूल के पुस्तकालय में सीए, एमपीए, जीईई, नीट से संबंधित नोट्स और बुक छात्रों की डिमांड पर मंगाई जाती हैं।

***लाइब्रेरी में कॉमन लॉ एडमिशन, ओलंपियाड की किताबें :*** *सरोना स्थित कृष्णा पब्लिक स्कूल की प्राचार्य अर्चना मिश्रा ने बताया कि लाइब्रेरी में अधिक्तर किताबें पीएससी, सीए, कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट, नीट, जेईई, ओलंपियाड, स्टोरी बुक्स की हैं। हर माह विद्यार्थियों की मांग पर रिफरेंस बुक मंगाई जा रही हैं। वर्तमान में स्कूल की लाइब्रेरी में 20 हजार से ज्यादा किताबें हैं।*

धर्म लाइव

## वर्धमान नगर जैन मंदिर में गुरु भगवंतों का मंगल प्रवेश 26 को, 5 जुलाई से चातुर्मासिक प्रवचन

**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर स्थित वर्धमान नगर जैन मंदिर में सहजानंदी चातुर्मास 2025 का आयोजन किया जा रहा है, जो 5 जुलाई से प्रारंभ होने जा रहा है। मंदिर में 26 जून को गुरु भगवंतों का मंगल प्रवेश होगा, इस दिन महेंद्र सागरजी की पावन निश्रा में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो ललवानी निवास से प्रारंभ होकर वर्धमान जैन मंदिर पहुंचेगी। मंगल प्रवेश के दिन नवकारसी एमआईजी-डी-11 ऋषभ बिल्डर के बाजू होगी, जिसके लाभार्थी नरेंद्र कुमार चंद्र प्रकाश बहन कुमार ललवानी हैं। प्रवेश एवं स्वामी वात्सल्य के लाभार्थी शिवराज जी बेगानी परिवार एवं नेमीचंद बेगानी परिवार हैं। श्री मेघराज बेगानी धार्मिक एवं परमार्थिक ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मराज बेगानी एवं सहजानंदी चातुर्मास समिति के अध्यक्ष अजय कानूगा ने बताया कि शोभायात्रा में पुरुष वर्ग सफेद एवं महिला वर्ग केसरिया वस्त्र में शामिल होंगे।



### इस तरह चलेगा चातुर्मासिक प्रवचन

उन्होंने बताया कि 5 जुलाई से नित्य आराधना प्रारंभ होगी, जिसमें वर्धमान नगर में सुबह 5 से 8 बजे राई प्रतिक्रमण, 8 से 7 बजे धार्मिक क्रियाओं का प्रायोगिक परीक्षण होगा। वहीं टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में सुबह 8 से 9 बजे स्वाध्याय और 9 से 10 बजे आध्यात्मिक जीवन विकास पर आधारित प्रवचन होगा। उसके बाद वर्धमान नगर में दोपहर 3 से 4 बजे स्वाध्याय और शाम 6.45 से 8 बजे तक देवसी प्रतिक्रमण होगा। साथी प्रत्येक रविवार को पटवा भवन में सुबह 9 से 10.45 बजे तक विशेष पारिवारिक प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। वर्धमान नगर में गुरु भगवंतों का मौन एवं निश्राम का समय प्रातः 11 से 3 बजे तक होगा।

राजधानी के प्रमुख मंदिरों में रथयात्रा की तैयारी को आयोजक दे रहे हैं अंतिम रूप

# जगन्नाथ रथयात्रा के लिए रूट तय, बांटी जा रही जिम्मेदारी

**रायपुर।** शहर के जगन्नाथ मंदिरों में इन दिनों रथयात्रा की तैयारी को अंतिम रूप देने के साथ आयोजकों ने 27 जून को होने वाली भीड़ को देखते हुए व्यवस्था बनाने दायित्वों का विभाजन शुरू किया है। स्नान पूर्णिमा को निभाई गई परंपरा के बाद श्रद्धालुओं में रथयात्रा का हिस्सा बनने के लिए अब उत्साह का भी माहौल बनने लगा हैं। प्रमुख जगन्नाथ मंदिरों में भगवान के रथ को भी सजाने-संवारने का काम अंतिम दौर में है। शुक्रवार को सुबह 11 बजे विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद भगवान जगन्नाथ के साथ ही बलभद्र और सुभद्रा भव्य रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देने के लिए निकलेंगे। शहर में जिस-जिस रूट से रथयात्रा निकाली जाएगी, उसे भी तय किया गया है।



### इस रूट से निकलेंगे भक्तों को दर्शन देने



लिली चौक के पास स्थित जगन्नाथ मंदिर से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा इस बार भी जोशी परिवार द्वारा परंपपरागत रूप से निकाली जाएगी। पुजारी संजय जोशी ने बताया कि भक्तों की सुविधा के लिए दायित्वों का विभाजन किया गया है। इस बार भी दोपहर 2 बजे धूमधाम से रथयात्रा निकाली गई, जो पुरानी बस्ती थाना, बढ़ईपारा, राठौर चौक, गुरुनानाक चौक, शारदा चौक से तात्यापारा चौक पहुंचेगी। वहीं खजांची निवास को जनकपुर गुंडिचा (मौसी) के घर रुकने के बाद देवशयनी एकादशी के दिन भगवान रथ पर सवार होकर लिली चौक स्थित जगन्नाथ मंदिर पहुंचेंगे। भक्तों की मौजूदगी में विधि-विधान से पूजा के बाद मंदिर में विराजेंगे।

### बीटीआई मैदान तक निकलेगी रथयात्रा

श्री जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष एवं उत्तर क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी भव्य रथयात्रा की तैयारी में समिति के लोग जुट गए हैं। 27 जून को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं देवी सुभद्रा नगर भ्रमण के लिए रथ पर सवार होकर निकलेंगे। रथयात्रा गायत्री नगर स्थित मंदिर से दोपहर 2 बजे निकलेगी, जो खम्हारडीह थाने से होते हुए शंकरनगर और वहां से बीटीआई मैदान पहुंचेगी। जहां भगवान भक्तों को दर्शन देंगे और फिर रथ वापस मंदिर के लिए प्रस्थान करेगा। मंदिर परिसर में गुंडिचा (मौसी) के घर रुकने के बाद तय तिथि पर ही भक्तों को मंदिर में दर्शन देंगे।

### टूरीहटरी मंदिर में रंगाई-पोताई, रथ तैयार

टूरीहटरी स्थित प्राचीन श्री जगन्नाथ मंदिर में इन दिनों रथयात्रा की तैयारी के साथ ही रंगाई-पोताई का सिलसिला जारी है। पुजारी तिलक दास ने बताया कि भगवान की रथयात्रा राजेश्री महंत रामसुंदर दास की अगवानी में निकाली जाएगी। दोपहर को निकलने वाली रथयात्रा भक्तों की मौजूदगी में लोहार चौक, लिली चौक, पुरानी बस्ती थाना, कंकालीपारा, सत्तीबाजार, तात्यापारा से होते हुए लाखेनगर पहुंचेगी। जहां हर साल की तरह गुंडिचा निवास में भगवान ठहरेंगे। वहां से देवशयनी एकादशी के दिन वापस रथयात्रा के रूप में ही मंदिर प्रांगण में पहुंचेंगे। इसके लिए व्यवस्थागत तैयारी अभी चल रही है।




## आईटीएम यूनिवर्सिटी ने शुरू किए रोजगार आधारित पांच नए पाठ्यक्रम

**रायपुर।** आईटीएम यूनिवर्सिटी ने नए शिक्षा सत्र से पांच नए अंडर ग्रेजुएशन पाठ्यक्रम को शुरू करने की घोषणा की है, जो पूरी तरह से कौशल-आधारित और रोजगार आधारित हैं। इनमें बीबीए इन बैंकिंग एंड फाइनेंस, बीबीए इन सप्लाई चेन एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट, बी-टेक सीएसई इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग, बी-टेक सीएसई इन डेटा साइंसेस और बीएससी इन होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट को शामिल किया गया ख्है। प्रेस क्लब रायपुर में पत्रकारवार्ता के दौरान यह जानकारी वाइस चांसलर लक्ष्मी मूर्ति और ग्रुप डायरेक्टर धरमवीर धीर ने दी। उन्होंने बताया कि सभी कोर्स केवल उन्हीं क्षेत्रों पर केंद्रित हैं, जो उद्योगों को कुशल और पेशेवर युवाओं की उपलब्धता के लिहाज से बेहतर साबित होंगे।

### उद्योग विशेषज्ञों के साथ मिलकर तैयार किया कोर्स

*उन्होंने आगे बताया कि कोर्स को उद्योग विशेषज्ञों के साथ मिलकर डिजाइन किया गया है, ताकि छात्रों को भविष्य के लिए पूरी तरह तैयार किया जा सके। नए कोर्स का उद्देश्य युवाओं को ऐसी शिक्षा देना है, जो उन्हें सीधे इंडस्ट्री की मांग को पूरी करता है। हमारा फोकस थ्योरी नहीं, बल्कि एप्लाइड लर्निंग, प्रैक्टिकल स्किल्स पर आधारित है। यूनिवर्सिटी सिर्फ वही कोर्स शुरू करता है, जो विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर और प्रोफेशनल बनाता है। हर प्रोग्राम तीन सिद्धांतों पर आधारित है, इंडस्ट्री की जरूरतें, कौशल विकास और रोजगार की गारंटी तथा नए कोर्स का विजन हैं। नए कोर्स आगामी सत्र से शुरू होंगे। इसके लिए प्रवेश के लिए आवेदन शुरू हो चुके हैं।*

# पुरी शंकराचार्य का 83वां प्राकट्य महोत्सव संपन्न



**रायपुर।** राष्ट्र उत्कर्ष दिवस सनातन वैदिक आर्य हिंदुओं के सार्वभौम धर्मगुरु पुरी पीठाधीश्वर श्रीमद जगद्गुरु शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज का 83वां प्राकट्य महोत्सव राष्ट्र उत्कर्ष दिवस के रूप में आनंदमय वातावरण में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी श्रृंखला में सुदर्शन संस्थान रायपुर आश्रम में महारुद्राभिषेक, सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ, भजन संकीर्तन, प्रवचन, संगोष्ठी का कार्यक्रम मंगलमय वातावरण में संपन्न हुआ।

आयोजन में आचार्य त्रयोनिधी वैष्णव महाराज ने भक्तों को संबोधित करते हुए गुरुदेव भगवान के जीवन वृतांत पर मार्मिक संबोधन प्रदान करते हुए कहा कि शंकराचार्य का पद विश्व में सबसे ऊंचा पद है, आदि शंकराचार्य द्वारा प्रतिष्ठित गोवर्धन मठ, पुरी पीठ, गौरक्षा एवं वैदिक गणित का केंद्र है तथा शक्तिपात दीक्षा का भी विशेष मुख्य केंद्र है। भागवत की प्रसिद्ध ,श्रीधरी टीका गोवर्धन पुरी पीठ के द्वारा प्रदत्त है। वर्तमान में पूज्यपाद शंकराचार्य लगभग 200 ग्रंथ, धर्म अध्यात्म नीति विज्ञान संबंधित, अपने दिव्य, ज्ञान, विज्ञान के द्वारा लिखकर उन्होंने अमूल्य निधि प्रदान किया है। वैदिक गणित के ऊपर ही लगभग उनके 20 से अधिक ग्रंथ की रचना हुई है।

### शंकराचार्य के संदेशों का हो प्रसार

उनके द्वारा दिए पावन संदेशों को अधिक से अधिक समाज में प्रचारित करने की आवश्यकता है, पूज्यपाद शंकराचार्य द्वारा प्रेषित सर्वहित की भावना से प्रत्येक हिंदू परिवार से एक घंटा निकले, एक रुपए निकले, जिसका उपयोग समाज को सुसंस्कृत ,सुबुद्ध, तथा स्वावलंबी बनाने में हो। अपने मठ मंदिरों को केंद्र बनाकर, शिक्षा, रक्षा, सेवा संस्कृति धर्म एवं मोक्ष के केंद्र में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ हो तथा सेवा सत्संग और संकीर्तन का प्रकल्प चले, जिससे समाज में धर्म एवं राष्ट्र के प्रति दिव्य आस्था बढ़े, इस महाभियान से सबको जोड़ने की आवश्यकता है। जगतगुरु भगवान शंकराचार्य द्वारा दिए गए महाभियान भारत हिंदू राष्ट्र घोषित हो, इसका अधिक से अधिक हम प्रचार करें, पूज्यपाद शंकराचार्य के इस महाभियान से पूरे देश में निश्चित रूप से अद्भुत अलौकिक वातावरण बना हुआ है। इस कार्यक्रम में नरेंद्र शुक्ला, त्रयोनिधी वैष्णव, शिव मिश्रा, उत्तम शर्मा, शिव गोविंद सिंह, राकेश राजगढ़िया, परसराम देवांगन, आशु साहू समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



ज्योतिष

## बन रहे भद्र और मालव्य समेत 5 राजयोग, इन राशियों के शुरू होंगे अच्छे दिन



वैदिक ज्योतिष अनुसार ग्रह एक निश्चित अंतराल पर गोचर करके शुभ और राजयोग का निर्माण करते हैं, जिसका असर मानव जीवन के साथ देश- दुनिया पर देखने को मिलता है। आपको बता दें कि 24 जून को 5 राजयोग निर्माण होने जा रहा है। इन राजयोगों के नाम, गजकेसरी, मालव्य, भद्र, महालक्ष्मी और बुधादित्य राजयोग है। ऐसे में इन राजयोगों के बनने से कुछ राशियों का भाग्य चमक सकता है। साथ ही करियर और कारोबार में तरक्की मिल सकती है। आइए जानते हैं ये भाग्यशाली राशियां कौन सी हैं

**वृष राशि :** पांच राजयोग का बनना वृष राशि के लोगों को सकारात्मक सिद्ध हो सकता है। इस अवधि में अगर आप व्यावसायिक मोर्चे पर थोड़ी सी समझदारी से काम करेंगे तो अच्छा मुनाफा कमाएंगे। इस समय करियर में आपके लिए नई नौकरी के बेहतरीन प्रस्ताव आ सकते हैं। साथ ही इस समय आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी। वहीं इस दौरान आप देश- विदेश की यात्रा कर सकते हैं। पुरानी स्वास्थ्य समस्याओं से भी राहत मिलेगी। वहीं इस समय आप धन की सेविंग करने में सफल रहेंगे।

**कुंभ राशि :** आप लोगों के लिए पांच राजयोग का बनना अनुकूल साबित हो सकता है। इस समय आपकी सोची हुई योजनाएं सफल होंगी। वहीं कारोबारी व्यापार में अच्छा मुनाफा कमाएंगे और अच्छी बचत भी कर पाएंगे। साथ ही इस दौरान आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। साथ ही मान- सम्मान की आपको प्राप्ति होगी। वहीं अगर आप काफी समय से नौकरी बदलने का विचार कर रहे हैं तो आपको इस अवधि नए और बेहतरीन अवसर मिलने की उम्मीद है। अगर आप पढ़ाई या लेखन से जुड़े हैं तो यह समय आपके लिए बेहद शुभ रहेगा।

**मिथुन राशि :** आप लोगों के लिए 5 राजयोगों का बनना लाभकारी सिद्ध हो सकता है। इस समय आपको काम- कारोबार में तरक्की मिल सकती है। वहीं नौकरी में प्रमोशन या नया प्रोजेक्ट मिल सकता है। अगर आप व्यापार करते हैं तो नए एग्रीमेंट्स और मुनाफे के अवसर बनेंगे। आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। साथ ही इस समय आपकी इच्छआओं की पूर्ति होगी। वहीं जो लोग सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं, उनको सफलता मिल सकती है। वहीं धन आगमन के नए मार्ग बन सकते हैं। साथ ही आप छोटी या बड़ी यात्रा कर सकते हैं।

## ये काम कर सकते हैं शनिदेव को क्रोधित, गलती से भी न करें ऐसे काम



हिंदू धर्म में शनिदेव को बेहद शक्तिशाली देवता माना जाता है। वे कर्मफलदाता हैं यानी इंसान को उसके अच्छे या बुरे कर्मों का फल देते हैं। ऐसा माना जाता है कि शनि की कृपा से जीवन में तरक्की, सुख-शांति और सफलता मिलती है। लेकिन अगर शनिदेव किसी व्यक्ति से नाराज हो जाएं तो उसे जीवन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। ज्योतिष शास्त्र में बताया गया है कि कुछ काम ऐसे होते हैं जो शनिदेव को गुस्सा दिला सकते हैं। अगर गलती से भी आप ये काम करते हैं तो जीवन में रुकावटें आ सकती हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कौन से काम शनिदेव को नाराज करते हैं

**दूसरों के साथ अन्याय करना :** शनिदेव को न्याय का देवता कहा जाता है। वे हमेशा सच और इंसाफ का साथ देते हैं। अगर कोई व्यक्ति दूसरों के साथ धोखा करता है, किसी का हक मारता है या कमजोर लोगों को सताता है तो शनिदेव बेहद नाराज हो जाते हैं। यह गुस्सा इंसान के जीवन में परेशानियों का कारण बन जाता है। इसलिए हमेशा ईमानदारी और सच्चाई के रास्ते पर चलें।

**शराब और मांस का सेवन :** शनिदेव को सात्विक और शुद्ध जीवन पसंद है। शराब, मांस या अन्य तामसिक भोजन करने वाले लोग शनिदेव की नजरों में गलत माने जाते हैं। खासकर शनिवार के दिन इन चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए। शनि की साढ़ेसाती या ढैय्या चल रही हो तो और भी सतर्क रहें। शनिवार को हल्का और सात्विक भोजन करें और कोशिश करें कि तेल में तली चीजों से बचें।

**बुजुर्गों और गुरुओं का अपमान :** शनिदेव उन लोगों से नाराज होते हैं जो अपने माता-पिता, बुजुर्गों या गुरुओं का सम्मान नहीं करते। बुजुर्गों का अपमान करना शनिदेव की नजर में बड़ा अपराध माना जाता है। ऐसे लोग जीवन में शनि दोष से परेशान रहते हैं। शनिदेव की कृपा पाने के लिए हमेशा बड़ों का आदर करें, उनकी सेवा करें और उनकी बातों को मानें।

### सूजन घटाने और कीटाणु मारने वाले गुण, जो सेहत के लिए हैं फायदेमंद

# अदरक से बढ़ती है रोग प्रतिरोधक क्षमता, मिल सकते हैं कई स्वास्थ्य लाभ, कई बीमारियों से राहत

अदरक का इस्तेमाल कई प्रकार के व्यंजनों और आयुर्वेदिक दवाओं में किया जाता है। यह एक ऐसा मसाला है, जो न केवल खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि इसमें मौजूद पोषक तत्व कई बीमारियों से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। अदरक में सूजन घटाने वाले और कीटाणु मारने वाले गुण पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद हैं। आइए अदरक के सेवन से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानते हैं।



### मोटापे से दिला सकता है छुटकारा

अदरक का सेवन मोटापे से छुटकारा दिलाने में भी मदद कर सकता है। यह शरीर में चर्बी को कम करने में मदद कर सकता है। अदरक में मौजूद सूजन घटाने वाले और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण शरीर में मौजूद अतिरिक्त चर्बी को कम करने का काम कर सकते हैं। अदरक में कुछ ऐसे पोषक तत्व भी होते हैं, जो शरीर में वसा और कैलोरी को कम करने का काम करते हैं।

### पाचन क्रिया को स्वस्थ रखने में है कारगर

अदरक में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट पाचन क्रिया के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। ये पाचन क्रिया में होने वाले सूजन और जलन को कम कर सकते हैं। इसके साथ ही अदरक पाचन क्रिया में रक्त संचार को बढ़ाने का काम भी करता है, जिससे पाचन क्रिया बेहतर तरीके से काम करती है। लाभ के लिए खाने के बाद एक टुकड़ा अदरक चबाएं या फिर अदरक का पानी बनाकर पिएं।

### सांस संबंधी समस्याओं को कर सकता है दूर

अदरक में सूजन घटाने वाले गुण होते हैं, जो अस्थमा और ब्रोंकाइटिस जैसी सांस संबंधी समस्याओं से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। अदरक में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट शरीर में मौजूद हानिकारक तत्वों को दूर कर अस्थमा और ब्रोंकाइटिस जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए अदरक के टुकड़ों को पानी में डालकर उबाल लें और जब पानी आधा हो जाए तो इसे छानकर पिएं।

### सर्दी और खांसी से दिला सकता है राहत

अदरक में सूजन घटाने वाले और कीटाणु मारने वाले गुण होते हैं, जो सर्दी-खांसी से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। अदरक में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट शरीर में मौजूद विषैले तत्वों को बाहर निकालने का काम भी कर सकते हैं। लाभ के लिए अदरक के पानी का सेवन करें। अदरक का पानी बनाने के लिए एक कप पानी में थोड़ा-सा कटा हुआ अदरक डालकर उबाल लें, फिर इसमें शहद मिलाकर पिएं।

## मानसून में बारिश का मजा लेते हुए खाएं दही से बनने वाली कई तरह की स्वादिष्ट चाट

मानसून में बारिश होते समय समोसे और पकौड़े तो सब खाते हैं। हालांकि, अपनी जुबान को चटपटे और खट्टे-मीठे स्वाद के विस्फोट का अनुभव करवाने के लिए आप चाट का मजा ले सकते हैं। साधारण चाट के बजाय दही से बनने वाली चाट खाएं, जो स्वाद में तो लाजवाब होती ही है, साथ ही पेट को ठंडा भी रखती है। आज के लेख में हम आपको दही से बनने वाली 5 तरह की चाट की रेसिपी बताएंगे।



**दही भल्ला :** इसे बनाने के लिए सबसे पहले उड़द की दाल को रातभर पानी में भिगोकर छोड़ दें। अगली सुबह उसमें अदरक, हरी मिर्च, हींग और नमक मिलाकर बारीक पीस लें। इसके बाद इस मिश्रण को थोड़ा-थोड़ा करके कढ़ाई में तलें। अब सारे भल्लों को पानी में डालें, फिर इन्हें निचोड़कर एक बड़े कटोरे में रख दें। आखिर में सभी भल्लों के ऊपर दही, हरी चटनी, इमली की चटनी, चाट मसाला और लाल मिर्च डालकर परोसें।

**दही आलू टिक्की :** आलू टिक्की चाट तैयार करने के लिए सबसे पहले आलू उबालकर छीलें और उन्हें मीस लें। इसमें नमक, जीरा पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला, चावल का आटा और धनिया मिलाएं। इस मिश्रण की गोल-गोल टिक्कियां बनाकर गर्म तेल में तल लें। ध्यान रहे की आपकी सभी टिक्कियां बिलकुल कुरकुरी होनी चाहिए। टिक्कियों पर दही, हरी चटनी, इमली की चटनी, जीरा पाउडर, चाट मसाला, सेव और अनार दाने डालकर परोसें।

**दही समोसा चाट :** बारिश में समोसा सभी का पसंदीदा स्नैक बन जाता है, लेकिन उसमें दही मिलाई जाए तो मजा दोगुना हो जाता है। इसके लिए आप बाजार से समोसे खरीदकर ला सकते हैं या उन्हें घर पर बना सकते हैं। अब समोसों को उंगलियों से फोड़ें और उनपर दही, इमली की चटनी, हरी चटनी, चाट मसाला और अनार दाने डालकर खाएं। इसके स्वाद को और लाजवाब बनाने के लिए इसपर गर्मा-गर्म छोले भी डाले जा सकते हैं।

**दही पापड़ी चाट :** पापड़ी चाट सबसे आसानी से बनने वाली चाट है, जिसमें आपको कई तरह के स्वादों का मेल मिल जाएगा। इसके लिए सबसे पहले एक थाली पर पापड़ी बिछा लें। अब उनपर उबले हुए आलू, बारीक कटे प्याज, बारीक कटे टमाटर और दही डाल दें। अब स्वाद को बढ़ाने के लिए सभी पापडियों पर चाट मसाला, लाल मिर्च पाउडर और जीरा पाउडर छिड़क दें।

## बार-बार क्यों मुरझा जाता है तुलसी का पौधा...? जानिए इसके कारण और सुधारने के तरीके

घर में तुलसी का पौधा होना शुभ माना जाता है। इसलिए कई लोग इसे अपने घर में लगाते हैं, लेकिन कई बार ऐसा होता है कि तुलसी का पौधा अच्छा नहीं बढ़ता या मुरझा जाता है। अगर आपके साथ भी ऐसा हो रहा है तो आपको तुलसी के पौधे को लेकर कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। आइए आज हम आपको इसके कारण और सुधारने के तरीके बताते हैं।

**पौधे को पर्याप्त धूप न मिलना :** तुलसी का पौधा सूरज की रोशनी से बहुत लाभान्वित होता है। अगर आपके तुलसी का पौधा निचले हिस्से से मुरझाया हुआ लग रहा है तो इसका कारण हो सकता है कि उसे पर्याप्त धूप नहीं मिल रही है। इसलिए अपने तुलसी के गमले को ऐसी जगह रखें, जहां रोजाना 5-6 घंटे सूरज की सीधी रोशनी उसे मिले। हालांकि, ध्यान रखें कि पौधे को सीधी धूप में ज्यादा देर तक न रखें क्योंकि इससे वह सूख सकता है।

**अधिक पानी देना भी है कारण :** अधिक पानी देना भी तुलसी के पौधे के मुरझाने का कारण बन सकता है। दरअसल, ऐसा करने से पौधे की जड़ें खराब हो जाती हैं और इससे उसका विकास रूक जाता है। इसलिए अपने तुलसी के पौधे को अधिक पानी देने से बचें। इसके बजाय गमले के ऊपर



वाले हिस्से पर उंगली डालकर देखें। अगर मिट्टी नम लगे तो समझ जाएं कि पौधे को पर्याप्त पानी मिल रहा है।

**मिट्टी की गुणवत्ता होनी चाहिए अच्छी :** तुलसी के पौधे के लिए अच्छी मिट्टी जरूरी होती है। अगर मिट्टी की गुणवत्ता अच्छी नहीं होगी तो इससे पौधे का विकास रूक सकता है। इसलिए अपने तुलसी के पौधे के लिए ऐसी मिट्टी का इस्तेमाल करें, जिसमें नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश की भरपूर मात्रा हो। इसके अलावा मिट्टी का अम्लीय स्तर 6 से 7 के बीच होना चाहिए। इससे आपके तुलसी के पौधे का विकास सही तरीके से होगा।

**पोषक तत्वों की कमी होना :** तुलसी के पौधे को पोषण की जरूरत होती है इसलिए इसे समय-समय पर खाद दें। अगर पौधे को जरूरी पोषक तत्व नहीं मिलेंगे तो इसका विकास रूक सकता है। आप अपने तुलसी के पौधे को जरूरी पोषण देने के लिए जैविक खाद का इस्तेमाल कर सकते हैं।



## अपने घर को आलीशान लुक देने के लिए आज ही खरीदें ऐसी सजावट की चीजें

हर किसी का सपना होता है कि उनके घर का कोना-कोना सुंदर और देखने लायक हो। ज्यादातर लोग यह सोचकर घर की सजावट नहीं करते कि उसमें बहुत पैसा खर्च होगा। हालांकि, आप कम बजट में भी अपने घर को आलीशान लुक दे सकते हैं। इसके लिए महंगे इंटीरियर डिजाइनर की जरूरत नहीं पड़ेगी, बल्कि आप खुद ही अपने घर को आलीशान बना सकेंगे। घर में सजावट की ये चीजें रखने से उसकी खूबसूरती में चार चांद लग जाएंगे।

**बड़े आकार वाला शीशा खरीदें :** शीशा घर की सजावट में इस्तेमाल होने वाला एक बहुमुखी तत्व है, जो सुंदरता तो बढ़ाता ही है, साथ ही काम भी आता है। ये प्रकाश को परावर्तित करके, ज्यादा जगह होने का भ्रम पैदा करके और गहराई जोड़कर कमरे के माहौल को शानदार बना सकते हैं। आपको अपने कमरे में एक बड़े आकार वाला शीशा रखना चाहिए और ड्राइंग रूम की एक पूरी दीवार पर शीशा लगवाना चाहिए। इससे आपका कमरा बड़ा भी दिखेगा और उसका सौंदर्य भी बढ़ेगा।

**घर में अनोखी कलाकृतियां प्रदर्शित करें :** कला घर को सजाने का सबसे अच्छा तरीका है, जो आलीशान स्पर्श जोड़ने के बहुत काम आती है। आप अपनी पसंद और घर की बनावट के मुताबिक पेंटिंग चुनकर दीवारों पर लगा सकते हैं। इसके अलावा, घर की दीवारों के रंग और फर्नीचर की शोभा बढ़ाने वाला कलात्मक सजावट का सामान भी खरीदें, जो घर को और खूबसूरत दिखाएगा। आप घर में गुलदस्ते, प्लांटर यानि सजावटी गमले और सुगंधित मोमबत्तियां आदि प्रदर्शित कर सकते हैं।

**लाइटिंग पर ध्यान दें और झूमर लगवाएं :** सही लाइटिंग के जरिए घर के माहौल को बदला जा सकता है और उसे आलीशान लुक दिया जा सकता है। आजकल बाजार में अलग-अलग प्रकार की लाइट उपलब्ध रहती हैं, जो आपके घर को रोशन कर देंगी। सही प्रकार की लाइट आपके घर को बड़ा दिखाने में भी मदद करेगी। आपको घर के हॉल में झूमर लटकाना चाहिए, कमरों में लैंप फिक्स्चर लगवाने चाहिए और कोनों पर बड़े लैंप भी रखने चाहिए।



### हल्के रंग वाली चीजों का चुनाव करें

अपने घर को शानदार और आलीशान दिखाने की कोशिश करते समय आपको ऐसी चीजों का चयन करना चाहिए, जो भूरे, बेज और सफेद जैसे हल्के रंगों वाली हों। इसके लिए आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं है। अपने घर के सोफे या बिस्तर के लिए बेज या सफेद रंग का चुनाव करें। आप न्यूट्रल रंग के तकिए जोड़ सकते हैं और कंबल डाल सकते हैं। भूरे और बेज रंग का सजावट का सामान भी आपके घर की शोभा बढ़ाएगा।

### पौधे और फूल लगाएं

आपकी दीवार चाहें किसी भी रंग की क्यों न हो, हरियाली उसमें सुंदरता जोड़ ही देती है। पौधे घर में ताजगी और हरियाली जोड़ते हैं, जिससे घर आकर्षक और आलीशान दिखाई देता है। अगर आप अपने घर के अंदर लगाने के लिए सही प्लांटर्स चुनते हैं, तो आप अपने घर को और भी खूबसूरत बना सकते हैं। आजकल कई सुंदर दिखने वाले पौधे बाजार में मिलते हैं। बड़े पत्तों वाले पौधे सोफे के बगल में रखना सबसे बढ़िया रहेगा।

## अलमारी में कपड़े व्यवस्थित करने के लिए अपनाएं ये टिप्स, आसान होगा रोजमर्रा का काम

### रंग अनुसार व्यवस्थित करें

कपड़ों को रंग अनुसार व्यवस्थित करने से आपकी अलमारी बहुत सुंदर लगेगी और आपको अपने पसंदीदा रंग के कपड़े जल्दी मिलेंगे। आप हल्के रंगों से शुरू करें और फिर गहरे रंगों की ओर बढ़ें। इससे न केवल आपकी अलमारी व्यवस्थित लगेगी बल्कि आप आसानी से अपने सभी रंगों के कपड़ों का चयन कर पाएंगे। इस तरीके से आपको हर रोज तैयार होने में भी कम समय लगेगा और आप ज्यादा स्टाइलिश दिखेंगे।

### कपड़ों को श्रेणी अनुसार बांटे

सबसे पहले अपने सभी कपड़ों को अलग-अलग समूहों में बांटे जैसे कि ऑफिस के कपड़े, रोजमर्रा के कपड़े, पार्टी के लिए कपड़े, खेल-कूद के कपड़े आदि। इससे आपको यह पता चलेगा कि कौन से कपड़े ज्यादा पहने जाते हैं और कौन से कम। इसके बाद आप उन कपड़ों को अलमारी में अलग-अलग हिस्सों में रखें ताकि हर बार आपको अपने जरूरी कपड़े आसानी से मिल सकें और अलमारी में ज्यादा भीड़-भाड़ न हो।



### मौसम अनुसार बदलाव करें

हर मौसम के हिसाब से अपनी अलमारी को अपडेट करना बहुत जरूरी होता है। गर्मियों में हल्के कपड़े जैसे कि सूती कुर्ते, टी-शर्ट आदि रखें जबकि सर्दियों में ऊनी स्वेटर, जैकेट आदि को अलमारी में रखें। इससे न केवल आपकी अलमारी साफ-सुथरी दिखेगी बल्कि हर मौसम के मुताबिक जरूरी चीजें भी आसानी से मिल जाएंगी। इसके अलावा आप अपने पुराने या न पहनने वाले कपड़ों को दान कर सकते हैं या उन्हें रीसाइकिल कर सकते हैं।












## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## के-पॉप स्टार ने 'चिकनी चमेली' पर किया हूबहू कटरीना जैसा डांस



के-पॉप स्टार जैक्सन वांग हाल ही में अपने नए एल्बम 'मैजिक मैन 2' के प्रचार के लिए भारत आए थे। उन्होंने हमारे देश की संस्कृति और पॉप कल्चर को आत्मसात करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। गोट7 स्टार का एक नया वीडियो ऑनलाइन सामने आया है जिसमें वह कटरीना कैफ के डांस नंबर 'चिकनी चमेली' पर नाचते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसने उनके फैंस का दिल जीत लिया है। ऑनलाइन सामने आए एक वीडियो में जैक्सन को 2012 की फिल्म 'अग्निपथ' के बॉलीवुड के हिट गाने 'चिकनी चमेली' पर अपने मूव्स दिखाते हुए देखा जा सकता है। पूरी तरह से काले रंग की ड्रेस पहने सिंगर-रैपर ने हुक स्टेप को बखूबी निभाया, जिससे फैंस काफी हैरान हुए। अपने पसंदीदा स्टार को इतनी आसानी से स्टेप्स करते देख लोग शांत नहीं रह सके। एक फैन ने लिखा- मैंने अपने जीवन में कभी नहीं सोचा था कि मैं जैक्सन वांग को चिकनी चमेली पर डांस करते देख पाऊंगा। एक ने कहा- हमने जैक्सन को जीटीए 6 से पहले चिकनी चमेली पर नाचते हुए देखा था। एक ने लिखा- अहम... कृपया उसे आधार कार्ड दें। एक ने कहा- ओहोहो कटरीना जैक्सन।

### टॉलीवुड

## हिट 3 के निर्माताओं के खिलाफ साहित्यिक चोरी का मामला दर्ज



नेचुरल स्टार नानी की तेलुगु क्राइम थ्रिलर फिल्म 'हिटः द थर्ड केस' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर भी कई भाषाओं में रिलीज हो चुकी है। लेकिन अब इस फिल्म के निर्माताओं को मद्रास उच्च न्यायालय ने साहित्यिक चोरी के मामले में 7 जुलाई तक अपना जवाब देना को कहा है। 123 तेलुगु डॉट कॉम की एक खबर के मुताबिक, मद्रास उच्च न्यायालय ने हिट 3 फिल्म की टीम को साहित्यिक चोरी के आरोपों का जवाब 7 जुलाई तक देने का आदेश दिया है। लेखक विमलवेलन का कहना है कि उन्होंने कुछ समय पहले अभिनेता नानी के साथ अपनी एक कहानी साझा की थी। बाद में उन्हें पता चला कि हिट 3 की कहानी उनकी कहानी से मिलती-जुलती है। विमलवेलन ने आरोप लगाया कि फिल्म के निर्माताओं ने उनकी स्क्रिप्ट चुराई है। उन्होंने नानी, निर्देशक शैलेश कोलानू और निर्माताओं के खिलाफ केस दर्ज किया है। अब देखना है कि हिट 3 के निर्माता इस मामले में क्या कदम उठाते हैं। सैलेश कोलानू के निर्देशन में बनी फिल्म 'हिट 3' 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में कई भषाओं में रिलीज की गई थी। इस फिल्म को नानी और प्रशांति टिपिरनेनी द्वारा निर्मित किया गया। मिकी जे मेयर ने फिल्म का संगीत तैयार किया है। 'हिटः द थर्ड केस' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। यह हिटः द सेकंड केस (2022) के बाद हिट फिल्म श्रृंखला की तीसरी किस्त है। फिल्म में नानी और श्रीनिधि शेट्टी हैं फिल्म में, एक क्रूर पुलिस अधिकारी को होमिसाइड इंटरवेंशन टीम (HIT) द्वारा हत्यारों के एक समूह को खोजने और उनकी जघन्य हत्या की होड़ को खत्म करने के लिए भेजा जाता है।

### भोजपुरी

## धमाल कर रहा प्रेमानंद महाराज पर बना खेसारी का नया गाना



भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव अपने अभिनय के साथ-साथ गायिकी के लिए भी लोकप्रिय हैं। आए दिन वे नए-नए गाने रिलीज करते हैं। यूं तो खेसारी अधिकांश धूम-धड़ाके वाले गाने लेकर आते हैं। मगर, हाल ही में वे भक्ति सॉन्ग लाए हैं। यह गाना आध्यात्मिक गुरु प्रेमानंद महाराज के ऊपर है। इस गाने को दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। खेसारी लाल यादव के नए गाने का टाइटल है 'तेरे प्यार में पागल प्रेमानंद'। यह गाना गुरुवार 19 जून को यूट्यूब पर रिलीज हुआ। इसे दर्शकों का बेशुमार प्यार मिल रहा है। दो दिनों के अंदर गाने को डेढ़ मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। खबर लिखे जाने तक गाने को 16, 46, 907 व्यूज मिल चुके हैं। इस गाने में खेसारी लाल भक्ति भाव में डूबे हुए हैं। पीले रंग के वस्त्र धारण कर वे भजन गा रहे हैं। इस गाने को खेसारी लाल यादव ने गाया है। वहीं, इसके बोल लिखे हैं मनोज मतलबी ने। संगीत जयदीप वर्मा ने तैयार किया है। लक्की विश्वकर्मा ने गाने का निर्देशन किया है। यह गाना 'खेसारी डिवोशनल' नाम के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है। वृंदावन निवासी आध्यात्मिक गुरु प्रेमानंद महाराज पर बने इस गाने पर यूजर्स के कमेंट भी काफी अच्छे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'यकीन मानिए खेसारी जी आप भक्ति गाने और ज्यादा मीठा आवाज में गाते हैं'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'खेसारी लाल ने अब तक इतनी सच्ची भावना से कोई भी गाना नहीं गाया था। बहुत ही शानदार गाना गाया है'। एक यूजर ने लिखा, 'कौन बोलता है खेसारी भक्ति सॉन्ग नहीं गा सकते। इस गाने ने तो धमाल कर दिया है'।

---

## लाइफ स्टाइल

### रश्मिका की तरह एथिनिक पहनकर दिख सकती हैं क्यूट

नेशनल क्रश बन चुकी मिस मंदाना एक बार फिर नई फिल्म के प्रमोशन में बिजी हैं और फैंस उनके क्यूट लुक को देखकर खुश हो रहे हैं। वैसे अगर आप सोच रही हैं कि रश्मिका इतने ट्रेडिशनल और एथिनिक कपड़ों को पहनकर खुश और लाइट मोड में दिखती हैं। तो इसका कारण हैं उनकी स्टाइल, जिसे आप भी कॉपी करेंगी। तो किसी भी मौके पर हैप्पी मूड में रहेंगी और क्यूट ही नजर आएंगी। रश्मिका मंदाना साड़ियों का सलेक्शन बहुत सोच कर करती हैं। जिससे उनके ऊपर बर्डेन ना बढ़े। पेस्टल शेड और वर्क वाली होने के बाद भी लाइट वेट फैब्रिक साड़ी को आसानी से कैरी करने लायक बना देता है।



## लंबे बालों को स्टाइल करना भी एक कला, खास मौकों पर आजमाएं अलग तरीके, लगेंगी बेहद खूबसूरत

लंबे बालों को स्टाइल करना एक कला है, जो न केवल आपके लुक को खास बनाती है, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाती है। चाहे आप रोजमर्रा के कामों में हों या किसी खास मौके पर, इन पांच तरीकों से आप अपने लंबे बालों को आकर्षक बना सकते हैं।

इन टिप्स को अपनाकर आप अपने बालों को अलग-अलग तरीकों से स्टाइल कर सकती हैं, जिससे हर बार नया लुक मिलेगा और आप हमेशा खूबसूरत दिखेंगी।

**जूड़ा :** अगर आप अपने बालों को एक साफ-सुथरा लुक देना चाहती हैं तो जूड़ा एक बढ़िया विकल्प हो सकता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले बालों को ऊपर की ओर इकट्ठा करें और घुमाते हुए लपेटें। अब इस पोनीटेल को हल्का-सा मोड़ते हुए बेस के पास पिन करें। इसके बाद बाकी बचे बालों को हल्का-सा घुंघराला करें ताकि जूड़ा ज्यादा आकर्षक लगे। अंत में स्प्रे लगाकर इस लुक को पूरा करें।

**चोटी वाला जूड़ा :** चोटी वाला जूड़ा एक ऐसा स्टाइल है, जो पारंपरिक जूड़े को एक नया



ट्विस्ट देता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले अपने बालों को हल्का-सा घुंघराला करें ताकि उनमें वॉल्यूम आए। अब बालों को तीन हिस्सों में बांटकर चोटी बनाएं और इसे बेस के पास पिन करें। इसके बाद बाकी बचे बालों को हल्का-सा सीधा करें ताकि पूरा लुक ज्यादा आकर्षक लगे। अंत में स्प्रे लगाकर इस स्टाइल को पूरा करें।

**ऊंची पोनीटेल :** ऊंची पोनीटेल एक ऐसा स्टाइल है, जो आपके चेहरे को खुला रखता है और आपको ज्यादा आकर्षक दिखाता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले अपने बालों को कंघी करें और ऊंचाई पर इकट्ठा करें, फिर रबर बैंड से बांध लें।

### घुंघराले बालों वाली पोनीटेल

घुंघराले बालों वाली पोनीटेल एक ऐसा स्टाइल है, जो आपके लंबे बालों को घुंघराला करके नया लुक देता है। इसे पाने के लिए सबसे पहले अपने बालों को हल्का-सा सीरम लगाकर घुंघराला करें। अब इन घुंघराले बालों को पीछे की ओर इकट्ठा करें और रबर बैंड से बांध लें। इसके बाद बाकी बचे बालों को हल्का-सा सीधा करें ताकि पूरा लुक ज्यादा आकर्षक लगे। अंत में स्प्रे लगाकर इस स्टाइल को पूरा करें और आप हमेशा खूबसूरत दिखेंगी।

### आधा बांधा हुआ हेयरस्टाइल

आधा बांधा हुआ स्टाइल उन दिनों के लिए सही है जब आपको अपने पूरे बाल बांधने का मन नहीं होता, लेकिन थोड़ा-सा बदलाव चाहती हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले अपने बालों का आधा हिस्सा पीछे की ओर इकट्ठा करें और रबर बैंड से बांध लें। इसके बाद बाकी बचे बालों को हल्का-सा घुंघराला करें ताकि पूरा लुक ज्यादा आकर्षक लगे। अंत में स्प्रे लगाकर इस स्टाइल को पूरा करें और आप हमेशा खूबसूरत दिखेंगी।

## काले रंग की कुर्ती को जरा अलग स्टाइल से पहनें, हर अवसर पर लगेंगी खूबसूरत

फैशन



काले रंग की कुर्ती हर महिला की अलमारी में जरूर होना चाहिए। यह न केवल पारंपरिक, बल्कि आधुनिकता का भी मेल है। काले रंग की कुर्ती को सही तरीके से स्टाइल करने पर आप हर मौके पर आकर्षक दिख सकती हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिनसे आप अपनी काले रंग की कुर्ती को अलग-अलग मौकों पर पहन सकती हैं और हर बार नए अंदाज में नजर आएंगी।

**पार्टी के लिए ऐसे करें स्टाइल:** पार्टी के लिए अपनी काले रंग की कुर्ती को स्टाइल करना बहुत आसान है। आप इसे लहंगा या पलाजो पैंट्स के साथ पहन सकती हैं। इसके साथ ही हल्की एक्सेसरीज जैसे झुमके और चूड़ियां पहनें। अगर आप चाहती हैं कि आपका लुक ज्यादा खास लगे तो आप अपनी कुर्ती पर हल्का कढ़ाई वाला दुपट्टा ले सकती हैं। यह आपके लुक को और भी आकर्षक बनाएगा और आपको पार्टी में सबसे अलग दिखाएगा।

**कॉलेज के लिए रोजमर्रा का लुक अपनाएं :** कॉलेज के लिए आपको ऐसा लुक चाहिए, जो आरामदायक होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी हो। इसके लिए आप अपनी काले रंग की कुर्ती को जींस के साथ पहन सकती हैं। जींस के साथ स्लीक बैल्ली हील्स या स्नीकर्स पहनें और हल्का मेकअप करें। इस तरह का लुक न केवल आपको आरामदायक महसूस कराएगा, बल्कि आपके स्टाइल को भी खास बनाएगा। आप चाहें तो इस लुक में कुछ हल्की एक्सेसरीज भी जोड़ सकती हैं।

**ऑफिस के लिए चुनें ऐसे पहनें काले रंग की कुर्ती :** ऑफिस के लिए अपनी काले रंग की कुर्ती को सलवार या स्कर्ट के साथ पहन सकती हैं। इसके साथ एक साधारण बेल्ट लगाकर अपने लुक को और भी खास बना सकती हैं। अगर आप चाहती हैं कि आपका लुक पेशेवर लगे तो आप अपनी कुर्ती को अंदर की ओर टक करके पहन सकती हैं।

**रोजमर्रा के कामों के लिए आरामदायक लुक :** रोजमर्रा के कामों के लिए आपको ऐसा लुक चाहिए, जो आरामदायक होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी हो। इसके लिए आप अपनी काली कुर्ती को प्लेन प्लाजो पैंट्स के साथ पहन सकती हैं। इसके साथ फ्लैट्स पहनें और हल्का मेकअप करें। इस तरह का लुक न केवल आपको आरामदायक महसूस कराएगा, बल्कि आपके स्टाइल को भी खास बनाएगा।

**शादी समारोह में छाएंगे ये लुक :** शादी समारोह में खास दिखने के लिए आप अपनी काले रंग की कुर्ती को कढ़ाई वाले लहंगा सेट या शरारा पैंट के साथ पहन सकती हैं।इसके साथ भारी झुमके और हाथों में चूड़ियां पहनें। बालों के लिए खुला स्टाइल या बन बना सकती हैं। इस तरह आप हर मौके पर अपनी काली कुर्ती को अलग-अलग तरीकों से स्टाइल कर सकती हैं और हर बार नए अंदाज में नजर आएंगी।

## पहली बार कांजीवरम साड़ी खरीद रहीं हैं तो इन बातों का रखें ध्यान

कांजीवरम साड़ी दक्षिण भारत की एक मशहूर पारंपरिक साड़ी है, जो अपनी बुनाई और डिजाइन के लिए जानी जाती है। यह साड़ी रेशम से बनी होती है और इसमें सोने की जरी का काम होता है। अगर आप पहली बार कांजीवरम साड़ी खरीदने जा रहे हैं तो आपको कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए ताकि आप सही और बेहतरीन साड़ी चुन सकें। आइए आज हम आपको कुछ जरूरी बातें बताते हैं, जिनसे सही साड़ी चुनने में मदद मिलेगी।

**सही दुकान का चयन करें :** कांजीवरम साड़ी खरीदने से पहले सही दुकान का चयन करना बहुत जरूरी है। हमेशा किसी भरोसेमंद और प्रसिद्ध दुकान से ही साड़ी खरीदें। इससे आपको अच्छी गुणवत्ता वाली साड़ी मिलेगी और धोखे से बचने की संभावना भी कम होगी। स्थानीय बाजार में छोटे दुकानदारों से बचें क्योंकि उनकी गुणवत्ता की गारंटी नहीं होती और वे नकली सामान बेच सकते हैं।



### कपड़े की गुणवत्ता जांचें

कांजीवरम साड़ी खरीदते समय उसके कपड़े की गुणवत्ता पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। रेशम कपड़े की चमक और मुलायमियत देखिए। असली रेशम कपड़े की चमक बहुत खास होती है और यह हाथ से छूने पर बहुत मुलायम लगता है। इसके अलावा साड़ी की बुनाई भी अच्छी होनी चाहिए।


### डिजाइन और रंग चुनें

कांजीवरम साड़ी के डिजाइन और रंग का चयन करते समय अपनी पसंद और मौके को ध्यान में रखें। शादी-ब्याह या त्योहारों के लिए गहरे रंग जैसे लाल, हरा, नीला आदि अच्छे लगते हैं क्योंकि ये शाही अंदाज देते हैं, वहीं रोजमर्रा के उपयोग के लिए हल्के रंग जैसे पीला, गुलाबी आदि बेहतर होते हैं क्योंकि ये आरामदायक महसूस कराते हैं।

## हर महिला के गहनों में होने चाहिए इस टाइप के गहने, हर दिन दिखेंगी खास

भारतीय महिलाओं के लिए गहने सिर्फ सजावट नहीं, बल्कि उनकी संस्कृति और परंपरा का अहम हिस्सा हैं। सोने और चांदी से बने ये गहने न केवल सुंदर दिखते हैं, बल्कि इनका ऐतिहासिक महत्व भी है। इन गहनों का उपयोग अलग-अलग मौकों पर किया जाता है, चाहे वह शादी हो या त्योहार। इन गहनों की खासियत यह है कि ये हर दिन के पहनावे में भी चार चांद लगा सकते हैं।

**झुमके :** झुमके भारतीय महिलाओं की पसंदीदा गहनों में से एक हैं। ये सोने या चांदी के होते हैं और इनमें कीमती स्टोन का भी उपयोग किया जाता है। झुमके पहनने से चेहरे की सुंदरता बढ़ती है और ये किसी भी पारंपरिक कपड़ों के साथ अच्छी तरह मेल खाते हैं। शादी-ब्याह या त्योहारों पर इनका खास महत्व होता है।



**चूड़ियां :** चूड़ियां भारतीय महिलाओं की पारंपरिक पहचान का एक अहम हिस्सा हैं। ये लकड़ी, कांच या चांदी से बनी होती हैं और इनमें रंग-बिरंगे डिजाइन होते हैं। चूड़ियां पहनने से हाथों की सुंदरता बढ़ती है और ये किसी भी पारंपरिक कपड़ों के साथ अच्छी तरह मेल खाती हैं, खासकर शादी-ब्याह के समय इनका खास महत्व होता है।

**नथ :** नथ यानी नथुने में पहनी जाने वाली गहने न केवल शादी के समय बल्कि हर दिन के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। यह नथुने में पहनी जाती है और इसमें कीमती स्टोन या मोती लगाए जाते हैं। नथ पहनने से चेहरे की सुंदरता बढ़ती है और यह किसी भी पारंपरिक कपड़ों के साथ अच्छी तरह मेल खाती है, खासकर शादी-ब्याह के समय इसका खास महत्व होता है।

**पायल :** पायल पैरों में पहने जाने वाला गहना है। ये चांदी या सोने से बनी होती हैं और इनमें कीमती स्टोन का भी उपयोग किया जाता है। पायल पहनने से पैरों की सुंदरता बढ़ती है और यह किसी भी पारंपरिक कपड़ों के साथ अच्छी तरह मेल खाती है, खासकर शादी-ब्याह और त्योहारों के समय इसका खास महत्व होता है।

**मांग टीका :** मांग टीका सिर पर पहने जाने वाला गहना है, जो माथे को सजाता है। यह किसी भी पारंपरिक कपड़ों के साथ अच्छी तरह मेल खाता है। मांग टीका पहनने से चेहरे की सुंदरता बढ़ती है और यह किसी भी पारंपरिक कपड़ों के साथ अच्छी तरह मेल खाता है।

---

कार्नर न्यूज

## मानसून के दौरान जूतों की विशेष देखभाल करना जरूरी

# बारिश के कीचड़-पानी के कारण जूतों से न आए बदबू और न लगे फफूंद, उचित देखभाल से रहेंगे सुरक्षित

मानसून के दौरान जूते नमी और कीचड़ के संपर्क में आते हैं, जिससे उनमें बैक्टीरिया पनप सकते हैं और उनसे बदबू भी आ सकती है। इसके अलावा जूतों के गीले रहने से उनमें फंगस तक हो सकती है। इसलिए मानसून के दौरान जूतों की विशेष देखभाल करना जरूरी है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप मानसून के दौरान अपने जूतों की अच्छे से देखभाल कर सकते हैं।



### गीले जूतों को जल्द सुखाएं

मानसून के दौरान अगर आप कहीं बाहर जाते हैं तो आपके जूते गीले हो जाते हैं। ऐसे में उन्हें जल्दी सुखाने की कोशिश करें। इसके लिए जूतों को किसी गर्म और हवादार जगह पर रख दें। आप चाहें तो जूतों के अंदर पुराने अखबार का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह नमी को सोखने में मदद करेगा। इसके अलावा आप जूतों को सुखाने के लिए बाल सुखाने वाली मशीन का भी उपयोग कर सकते हैं।

### जूतों को साफ करने के लिए अपनाएं ये तरीका

अगर आपके जूतों पर कीचड़ या पानी के निशान पड़ गए हैं तो इन्हें साफ करने के लिए साबुन का इस्तेमाल न करें क्योंकि इससे जूते खराब हो सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले एक मुलायम ब्रश लें और उससे जूतों की सतह को हल्के हाथों से साफ करें। इसके बाद जूतों पर लगे दागों को हटाने के लिए किसी अच्छे जूते के साफ करने वाले घोल का इस्तेमाल करें। आखिर में जूतों को

### जूतों से बदबू दूर करने के लिए करें ये काम

अगर आपके जूतों से बदबू आ रही है तो इसे दूर करने के लिए सबसे पहले किसी अच्छे जूते के खुशबूदार घोल का छिड़काव जूतों की भीतरी सतह पर करें। इसके बाद जूतों को 20 से 30 मिनट के लिए खुली हवा में रख दें। अगर आपके जूतों से ज्यादा बदबू आ रही है तो जूतों को रातभर के लिए किसी अखबार या टिश्यू पेपर से भरकर छोड़ दें। इससे बदबू दूर हो जाएगी।



### मानसून के दौरान जूतों की करें सही स्टोरेज

मानसून के दौरान जूतों को सही तरीके से रखना भी जरूरी होता है। जूतों को हमेशा ढक्कन वाले डिब्बों में रखें ताकि उनमें नमी न जाए। इसके अलावा जूतों को कभी गीले या नम जगह पर न रखें। जूतों को रखने के लिए अखबार का इस्तेमाल करें। आप चाहें तो जूतों के अंदर सूखी रुई भी रख सकते हैं। इससे भी नमी नहीं जाएगी। साथ ही जूतों को किसी अच्छे जूते के खुशबूदार घोल से भी छिड़कें।